RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 32 | जयपुर शुक्रवार, 31 जुलाई 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

गड़बड़ी पर 10 साल तक की जेल और जुर्माने का प्रावधान

## एंटी पेपर लीक बिल राज्यसभा से भी पास, 'मनु स्मृति' पर हुई नोक-झोंक

### बिल पर चर्चा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बोले, एजुकेशन सिस्टम में मनुवादी सोच हावी, जेपी नड्डा बोले- जो कहा वो साबित करें

● नई दिल्ली

लोकसभा के बाद राज्यसभा ने भी एंटी पेपर लीक बिल को ध्वनि मत से पारित कर दिया। मॉनसून सत्र के दौरान दोनों सदनों में इस विधेयक पर लंबी चर्चा हुई। राज्यसभा में बिल पारित होने के साथ ही परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में सरकार का यह बड़ा कदम माना जा रहा है। हालांकि, चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कई मुद्दों को लेकर तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। सरकार ने हाल के वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी और सार्वजनिक परीक्षाओं में प्रश्न-पत्र लीक तथा संगठित गड़बड़ियों की घटनाओं को देखते हुए यह संशोधन पेश किया है।

विधेयक में अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने और पेपर लीक जैसे अपराधों में शामिल लोगों के लिए पहले से कहीं अधिक कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। नए संशोधनों के तहत दोषियों को न्यूनतम पांच वर्ष की सजा होगी, जिसे परिस्थितियों के अनुसार बढ़ाकर दस वर्ष तक किया जा सकेगा। इसके अलावा अधिकतम जुर्माने की राशि 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये करने का भी प्रस्ताव रखा गया है। इससे पहले इस पर बिल पर चर्चा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ऐसी टिप्पणी कर दी जिस पर हंगामा मच गया। उन्होंने मनु स्मृति का जिक्र करते हुए कहा कि एजुकेशन सिस्टम में मनुवादी सोच हावी नजर आती है। आज एजुकेशन सिस्टम में आरएसएस के लोग ही मौजूद हैं या रखे जा रहे। मल्लिकार्जुन खरगे के इतना कहते ही हंगामा शुरू हो गया।

### पेपर लीक गैंग को बख्शा नहीं जाएगा



संसद से बिल पास होने के बाद पीएम मोदी का इंस्टाग्राम मैसेज

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक नया वीडियो संदेश जारी किया। पीएम मोदी ने कहा है कि संसद ने एक ऐसा बिल पास किया है जो हमारी परीक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाता है। पीएम मोदी ने कहा कि विश्वस्त परीक्षा पद्धति, इसके लिए हम लगातार एक के बाद एक कदम उठा रहे हैं। टास्क फोर्स की रचना हो, फास्ट ट्रैक की रचना हो, राज्यों के सुझावों को ध्यान में लेना हो। पिछले कई दशकों से हर राज्य और केंद्र सरकार पेपर लीक की परेशानी झेल रहा है। बच्चों के भविष्य को भी इसके कारण संकट पैदा हो रहा है। इन सब को ध्यान में रखते हुए देशव्यापी सभी राज्यों में भी और केंद्र में भी शिक्षा पद्धति में सुधार अनिवार्य हो गया है। पेपर माफिया, पेपर लीक करने वाला गैंग देश के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली गैंग को बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए कठोर कानूनों की भी जरूरत है। हम संसद में बिल लेकर गए थे और जैसा मैंने आपसे वादा किया था, आज दोनों सदनों ने कठोर प्रावधानों वाले इस बिल को पास कर दिया है। अब विश्वस्त परीक्षा पद्धति की दिशा में एक महत्वपूर्ण काम पूरा हुआ है। हम ऐसी परिस्थितियों को लंबे समय तक नहीं चलने देंगे। इसी विश्वास के साथ आइए, हम सब मिलकर विकसित भारत के सपनों को पूरा करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलें।

### लोकसभा में भी वंदे मातरम बिल पास

**विपक्ष** के हंगामे के बावजूद राज्यसभा के बाद लोकसभा में भी वंदे मातरम बिल पास हो गया है। वंदे मातरम बिल को बुधवार, 29 जुलाई को राज्यसभा से अनुमति मिली थी। वहीं, गुरुवार, 30 जुलाई को लोकसभा से भी ये बिल पास हो गया है। दोनों सदनों से पास होने के बाद अब ये बिल राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। वंदे मातरम बिल के कानून बनने के बाद अब राष्ट्रीय गीत को भी राष्ट्रगान जन-गण-मन जैसी कानूनी सुरक्षा मिलेगी। नए कानून के लागू होने से वंदे मातरम का अपमान करना अपराध माना जाएगा। वंदे मातरम गाए जाने के दौरान बाधा डालना या किसी को वंदे मातरम गाने से रोकना भी अपराध होगा। वंदे मातरम का अपमान करने पर तीन साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। यही सजा राष्ट्रगान का अपमान करने पर भी होती है। राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद ये बिल कानून बन जाएगा। इसके तहत राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सम्मान करना कानूनी दायरे में आएगा।

देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन ग्वालियर में स्थापित होगा

## अब देश और दुनिया को उपलब्ध होंगे मप्र की धरती पर निर्मित संचार उपकरण

### सीएम की मौजूदगी में दूरसंचार और मप्र सरकार के मध्य हुआ एमओयू 3,500 करोड़ का निवेश और 14 हजार से अधिक होगा रोजगार सृजन

मुख्यमंत्री ने दिल्ली में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन के एमओयू समारोह को किया संबोधित



● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। भारत सरकार के संचार मंत्रालय और मप्र सरकार के बीच ग्वालियर में ग्लोबल टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग हब एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन निर्माण के लिए नई दिल्ली में हुआ एमओयू ऐतिहासिक कदम है।

अब मप्र की धरती पर निर्मित संचार उपकरण देश-दुनिया को उपलब्ध होंगे। ये उपकरण मेक इन इंडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री के फेथ इन मप्र का जरिया बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगपतियों के साथ हुई राउंड टेबल मीटिंग में 3500 करोड़ रुपए के निवेश और 14 हजार से अधिक रोजगार सृजन की संभावना है। मुख्यमंत्री गुरुवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन (टीएमजेड) के एमओयू हस्ताक्षर समारोह को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय संचार राज्यमंत्री पीएस चंद्रशेखरन भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर की धरती पर ग्लोबल टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन के रूप में एक नए दौर की शुरुआत हो रही है। आज भारत डिजिटल टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक मेन्यूफैक्चरिंग, डिफेंस सेक्टर में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। (शेष पेज 8 पर)

#### प्रस्तावित निवेश एवं रोजगार प्रतिबद्धताएं

| कंपनी | निवेश | रोजगार |
|---|---|---|
| एचएफसीए लिमिटेड | 700 | 750 |
| डिक्सन टेक्नोलॉजीज़ | 200+ | 1,200+ |
| वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज़ प्रा.लि. | 500 | 5,000 |
| टेक्नोट्रेंड्ज़ सॉल्यूशंस प्रा.लि. | 10 | 50-100 |
| ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लि. | 150 | 400 |
| ब्रांडवर्क टेक्नोलॉजीज़ | 200 | 1,000 |
| सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी लि. | 250 | 2,000 |
| कॉक्स एंड किंग्स | 230 | 500 |
| प्रणव टेक वन | 100 | 500 |
| स्पर्श सीसीटीवी | 300 | 1,000 |
| आईएन टेलीकॉम | 300 | 300 |
| लावा मोबाइल्स | 130 | 170 |
| भंसाली केबल्स | 5 | 75 |

(निवेश राशि करोड़ रुपए में)

### भारत का लक्ष्य केवल उपभोक्ता बनना ही नहीं

**केंद्रीय** मंत्री सिंधिया ने कहा कि भारत का लक्ष्य केवल दूरसंचार उपकरणों का उपभोक्ता बनना नहीं, बल्कि उनका डिज़ाइन, विकास और निर्माण भारत में कर उन्हें दुनिया के विभिन्न देशों तक निर्यात करना है। उन्होंने कहा कि यह टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन 'डिज़ाइन इन इंडिया, मेक इन इंडिया और एक्सपोर्ट फ्रॉम इंडिया' के विजन को साकार करेगा। इससे भारत वैश्विक दूरसंचार विनिर्माण और निर्यात के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित होगा एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई गति मिलेगी। केन्द्रीय संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखरन ने भी संबोधित किया।

## कॉमनवेल्थ में गावित ने जीता गोल्ड मेडल





● नई दिल्ली

### लॉन्ग जंपर श्रीशंकर को मिला सिल्वर

ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के पैरा-एथलेटिक्स में भारत ने नया इतिहास रचते हुए पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में गोल्ड और सिल्वर दोनों पर कब्जा जमाया। पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में दिलीप महादू गावित ने 10.71 सेकंड के नए गेम रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता।

वहीं, भारत के ही मोहम्मद बासिल मोर्सिंगानाकथ ने 10.83 सेकंड के साथ सिल्वर मेडल जीता। 27 वर्षीय मुरली श्रीशंकर कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में लॉन्ग जंप स्पर्धा में लगातार दो मेडल जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। उन्होंने 2022 बर्मिंघम खेलों में भी सिल्वर जीता था। ग्लास्गो में जमैका के ताजे गेल ने 8.15 मीटर की छलांग लगाकर गोल्ड मेडल जीता, जबकि स्कॉटलैंड के स्टीफन मैकेंजी को ब्रॉन्ज मिला।

## भोजशाला के बराबर वाली जमीन पर पढ़ी जाएगी नमाज

### सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को आवंटित की जमीन, मप्र सरकार ने थोड़ी दूर नमाज पढ़ने के लिए दी थी जगह

● नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के धार जिले में विवादित भोजशाला-कमाल मौला परिसर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मुस्लिम पक्ष को राहत दी है। कोर्ट ने शुक्रवार की नमाज अदा करने की अनुमति देने वाले अपने पहले के अंतरिम आदेश को स्पष्ट किया। साथ ही उस जमीन को नियत करने के लिए कहा जहां ऐसा नमाज अदा की जा सकती है।

यह मामला धार जिले में भोजशाला-कमाल मौला परिसर से जुड़ा है, जिसे हिंदू पक्ष देवी सरस्वती को समर्पित एक प्राचीन मंदिर और मुस्लिम पक्ष कमाल मौला मस्जिद के रूप में दावा करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने मुस्लिम पक्ष की ओर से दायर आवेदन पर यह आदेश पारित किया कि कोर्ट के 14 जुलाई के अंतरिम आदेश का ठीक से पालन नहीं किया गया है। अपने याचिका में मुस्लिम पक्ष ने दलील दी थी कि सरकार की तरफ से दी गई जगह परिसर के नजदीक न होकर करीब 1.3 किलोमीटर दूर है।



### कोर्ट ने क्या दिए सुझाव

**सीजेआई** सूर्यकांत ने सुझाव देते हुए कहा, उन्हें खसरा नंबर 596 के साथ जमीन की पेशकश करें। वे कोई भी ले सकते हैं। यदि कोई समस्या हो तो आप हमसे संपर्क कर सकते हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि अधिकारी मुसलमानों को इस चिन्हित भूखंड पर अपनी नमाज अदा करने की अनुमति दें, साथ ही यह भी कहा कि यदि विवाद के दोनों पक्षों की तरफ से ऐसे क्षेत्र की पहचान की जाती है तो प्रार्थना करने की जगह को अधिक उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता है।

## दतिया में 71.26% वोटिंग पिछली बार से 9% कम

### 3 अगस्त को रिजल्ट, एक पोलिंग एजेंट हिरासत में



**दतिया, आरएनएन।** विधानसभा सीट पर गुरुवार को हुए उपचुनाव में 71.26 प्रतिशत वोटिंग हुई है। ये पिछली बार से करीब 9 प्रतिशत कम है। इसके साथ ही सभी 21 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। मतदान के दौरान अधिकांश केंद्रों पर प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही, हालांकि फर्जी मतदान के आरोप में एक पोलिंग एजेंट को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने, बारिश से प्रभावित व्यवस्थाओं तथा सड़क की मांग को लेकर मतदान बहिष्कार जैसी मामूली घटनाएं सामने आयी हैं।

मतदान के लिए विधानसभा क्षेत्र में कुल दो लाख 20 हजार 400 मतदाताओं के लिए 291 मतदान केंद्र बनाए गए थे। मतगणना तीन अगस्त को होगी। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा के आशुतोष तिवारी और कांग्रेस के घनश्याम सिंह के बीच माना जा रहा है। मतदान सुबह सात बजे निर्धारित समय पर शुरू हुआ था। प्रारंभ में तीन मतदान केंद्रों पर ईवीएम से जुड़े उपकरणों में तकनीकी खराबी सामने आई।

## पैलेट गन का रिकॉर्ड सुरक्षित रखें, घायल का उपचार कराएं

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस

● नई दिल्ली / आरएनएन



सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को पूर्व आईपीएस अधिकारी यशोवर्धन आजाद और पैलेट गन से घायल हुए दो पीड़ितों की याचिकाओं पर नोटिस जारी किया है। याचिका में नागरिक सभाओं से निपटने के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पैलेट गन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया है कि वह विरोध प्रदर्शनों के दौरान जंतर-मंतर पर तैनात आरएएफ कर्मियों के गोला-बारूद का रिकॉर्ड सुरक्षित रखे। साथ ही दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर पैलेट गन के इस्तेमाल से घायल हुए लोगों को उचित चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाए, जो पुलिस द्वारा इस्तेमाल की गई पैलेट गन से घायल हुए थे। सीजेआई सूर्यकांत की पीठ ने पूर्व खुफिया ब्यूरो (आईबी) के विशेष निदेशक द्वारा पैलेट गन के इस्तेमाल के खिलाफ दायर याचिका पर यह निर्देश पारित किया। (शेष पेज 8 पर)

### असाधारण परिस्थितियों में इस्तेमाल करने की इजाजत

**पीठ** ने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस नियमों के तहत असाधारण परिस्थितियों में पैलेट गन के इस्तेमाल की अनुमति है और जब तक नियमों में बदलाव नहीं किया जाता, ऐसे हथियारों का इस्तेमाल अवैध नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति बागची ने बताया कि पुलिस नियमों के तहत असाधारण परिस्थितियों में पैलेट गन का इस्तेमाल जायज है, बशर्ते आप नियमों को चुनौती न दें। चरणबद्ध दृष्टिकोण के चरणों में से एक पैलेट गन का इस्तेमाल है। सीजेआई ने कहा कि कथित तौर पर अत्यधिक उपयोग को देखते हुए, आपकी प्रार्थना यह होनी चाहिए कि न्यायालय इसके उपयोग के संबंध में एक प्रोटोकॉल निर्धारित करे।

## कॉलेजों के 7 हजार छात्रों को एचआईवी होने का बड़ा दावा

**बेंगलुरू, आरएनएन।** कर्नाटक के कॉलेजों में पढ़ने वाले 7 हजार छात्र एचआई वीपॉजिटिव पाए गए हैं। पिछले कुछ दिनों से यह दावा सोशल मीडिया पर जमकर किया जा रहा था। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि सरकार ने कॉलेजों में सभी छात्रों के लिए एचआईवी टेस्ट कराना अनिवार्य कर दिया है। यह खबर के सामने आने के बाद से माता-पिता और आम लोगों के बीच सनसनी फैल गई। अब इस मामले पर केएसएपीएस की प्रोजेक्ट डायरेक्टर और आईएएस अधिकारी पद्मा बसवंतप्पा ने साफ कहा है कि सोशल मीडिया पर चल रहे ये सारे दावे पूरी तरह झूठे, मनगढ़ंत और गुमराह करने वाले हैं।

### सरकार ने कहा, यह दावा फर्जी है

छोटे लक्ष्य का बड़ा कमाल

इसे चलाने के लिए इंटरनेट, वाई-फाई या किसी क्लाउड सर्विस की जरूरत नहीं पड़ती

## 8 साल के बच्चे ने 765 रुपये में बनाया एआई डिवाइस

● नई दिल्ली

हुनर की कोई उम्र नहीं होती। इस कहावत को सच कर दिखाया है 8 साल के एक छोटे से डेवलपर ने। दरअसल प्रोजेक्ट्स बाय लक्ष्य के सह-संस्थापक लक्ष्य ने सिर्फ 8 डॉलर यानी कि करीब 765 रुपये में एक छोटे माइक्रोकंट्रोलर का इस्तेमाल करके वॉइस कंट्रोल एआई डिवाइस बनाया है।

इस डिवाइस की सबसे बड़ी खासियत है कि इसे चलाने के लिए इंटरनेट, वाई-फाई या किसी क्लाउड सर्विस की जरूरत नहीं पड़ती। यह छोटा सा डिवाइस आपकी आवाज सुनकर खुद ही आपको कहानी बना और सुना सकता है। इतना ही इस डिवाइस की एक स्क्रीन भी है, जिस पर कहानी सुनाने के दौरान एनिमेशन चलते रहते हैं।





लक्ष्य अपने इस डिवाइस की आवाज पर काम करना चाहते हैं। दरअसल इस डिवाइस में टेक्स्ट टू स्पीच यानी इसकी बोलने की आवाज काफी बेसिक लगती है। लक्ष्य अपने डिवाइस की आवाज की क्वालिटी को और बेहतर और प्राकृतिक बनाना है। हैरान करने वाली बात है कि वे इस उम्र में भी समझते हैं कि कहानी सुनाने वाले की आवाज का असल और कहानी के अनुसार हाई या लो होना जरूरी होता है। वे लगातार इस पर काम कर रहे हैं ताकि कहानियां सुनने का अनुभव और मजेदार हो सके। लक्ष्य साधारण स्कूल की जगह एक ऑनलाइन एजुकेशन मॉडल से पढ़ाई करते हैं। इसकी वजह से उनका सीखने का तरीका काफी अलग और स्वतंत्र किस्म का है। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को बनाने के लिए slvDev नाम के डेवलपर द्वारा बनाए गए एक ओपन-सोर्स AI मॉडल TinyStories LLM का इस्तेमाल किया।

### कैसे काम करता है यह डिवाइस

**रिपोर्ट्स** के अनुसार इस डिवाइस को 8 साल के लक्ष्य ने ईएसपी32- Sx माइक्रोकंट्रोलर, माइक, स्पीकर और एम्पलीफायर की मदद से बनाया है। लक्ष्य ने अपने इस डिवाइस में ओपन-सोर्स TinyStories LLM मॉडल को मॉडिफाई करके उसमें वॉइस कंट्रोल और एनिमेशन जैसे फीचर्स जोड़े हैं। लक्ष्य के इस डिवाइस पर यूजर सिर्फ बोलकर प्ले, पॉज, रिज्यूम या अगली कहानी जैसे कमांड दे सकता है। जब यूजर कहता है एक कहानी सुनाओ, तो यह तुरंत एक कहानी बनाकर सुनाने लगता है। इस मॉडल को खास तौर पर ईएसपी32 माइक्रोकंट्रोलर चिप के लिए तैयार किया गया था, ताकि यह बिना किसी इंटरनेट कनेक्शन के भी कहानियां बना सके। लक्ष्य ने इसी मॉडल में थोड़ा बदलाव (मॉडिफाई) करके अपना यह अनोखा डिवाइस तैयार किया। उनके इस प्रोजेक्ट ने साबित किया है कि बिना महंगे सर्वस या इंटरनेट के भी छोटे डिवाइसेज पर एआई चलाया जा सकता है।

## पीएम मोदी मामले में मेटा को फिर से समन

### फेसबुक से वीडियो हटाने पर तलब किए गए बड़े अधिकारी

● नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीजेपी प्रोटेस्ट के दौरान इंस्टाग्राम और फेसबुक पर वीडियो पोस्ट किया था। इंस्टाग्राम के बाद वीडियो को फेसबुक पर डाला गया था। इंस्टाग्राम पर वो वीडियो बना रहा, लेकिन फेसबुक से कुछ समय के लिए उसे मेटा द्वारा हटा दिया गया था। अब ये मामला और बड़ा होता हुआ दिख रहा है।

केंद्र सरकार ने मेटा के वरिष्ठ अधिकारियों को एक बार फिर तलब किया है। सरकार का कहना है कि कंपनी ने पहली बैठक में जो सफाई दी, उससे कई सवालों के जवाब नहीं मिले। अब मेटा से विस्तार से पूछा जाएगा कि आखिर प्रधानमंत्री की पोस्ट पर रोक कैसे लगी, इसके पीछे क्या वजह थी और फ्यूचर में ऐसी गलती दोबारा नहीं हो, इसके लिए कंपनी क्या कदम उठाएगी। यह मामला इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री देश के सबसे बड़े सार्वजनिक पद पर हैं।

## भीलवाड़ा कोर्ट में महासंग्राम...

# वकीलों का जज के खिलाफ खुला मोर्चा, 'अमर्यादित आचरण' के खिलाफ अदालत का पूर्ण बहिष्कार

### अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ के नेतृत्व में भीलवाड़ा बार एसोसिएशन ने खोला मोर्चा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।।** जिला अभिभाषक संस्था, भीलवाड़ा ने एक बेहद कड़ा और ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अपर सेशन न्यायाधीश संख्या-3 (ADJ-3) पवन कुमार काला की अदालत का पूर्ण बहिष्कार करने का एलान कर दिया है। वकीलों का आरोप है कि न्यायाधीश ने न सिर्फ बार एसोसिएशन के आधिकारिक पत्र का अपमान किया, बल्कि वकीलों के आत्मसम्मान और उनकी फीस को लेकर भी बेहद अमर्यादित और तीखी टिप्पणियां की हैं।



**क्या है पूरा मामला? (विवाद की वजह)**

मामले की शुरुआत 29 जुलाई 2026 को हुई थी। इस दिन गुरुपूर्णिमा का पावन पर्व होने के कारण अधिकांश अधिवक्ता सुबह अपने-अपने आश्रमों और धार्मिक स्थलों पर गुरु पूजन के लिए गए हुए थे। इसके साथ ही, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विक्रम सिंह राठौड़ के भ्राता (भाई) का आकस्मिक निधन हो गया था। इन दोनों गंभीर कारणों को देखते हुए भीलवाड़ा जिला अभिभाषक संस्था द्वारा सर्वसम्मति से दोपहर के भोजनावकाश (लंच) के बाद न्यायिक कार्य स्थगित रखने का निर्णय लिया गया। इसकी लिखित सूचना (शोक और स्थगन प्रस्ताव पत्र) कोर्ट परिसर की सभी अदालतों में भिजवाई गई थी।

**'किसी की मौत हो या कुछ भी, मैं पत्र नहीं मानता' - जज के तीखे बोल!**

आरोप है कि जब यह आधिकारिक पत्र अपर सेशन न्यायाधीश संख्या-3 (ADJ-3) श्री पवन कुमार काला के समक्ष पहुंचा, तो उन्होंने इसे मानने से साफ इनकार कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, न्यायाधीश ने बेहद कड़े और अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा, 'मैं किसी संस्था के पत्र को नहीं मानता। चाहे किसी की भी मौत हो गई हो या कोई भी अन्य कार्य हो, मैं इस पत्र को स्वीकार नहीं करता हूँ।'

**वकीलों की फीस पर कटाक्ष और अपमान का आरोप**

बात सिर्फ पत्र को ठुकराने तक ही सीमित नहीं रही। बार एसोसिएशन द्वारा जिला एवं सेशन न्यायाधीश को सौंपे गए शिकायत पत्र में यह गंभीर आरोप लगाया गया है कि न्यायाधीश पवन कुमार काला अक्सर अदालत में मौजूद पक्षकारों (मुवक्किलों) के सामने ही वकीलों के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हैं। वे वकीलों की फीस को लेकर तीखी टीका-टिप्पणी करते हैं और उन्हें मुवक्किलों के सामने नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं। वकीलों का कहना है कि जज साहब का यह रवैया संस्था और उसके सदस्यों की गरिमा पर गहरी ठेस पहुंचाता है।

**'जब तक लिखित माफी नहीं, तब तक अदालत बंद!'**

न्यायाधीश के इस कथित अड़ियल और अपमानजनक रवैये से नाराज भीलवाड़ा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने तुरंत एक आपात बैठक बुलाई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि जब तक न्यायाधीश पवन कुमार काला अपने इस कृत्य के लिए लिखित में माफी नहीं मांगते और भविष्य में ऐसा न करने का ठोस आश्वासन नहीं देते, तब तक कोई भी वकील उनकी अदालत (अपर सेशन न्यायालय सं. 3) में पैरवी के लिए नहीं जाएगा।इस ऐतिहासिक शिकायत पत्र पर जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज कुमार दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल भांभी, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह सचिव आदित्य सिंह चौहान, और पुस्तकालय सचिव प्रताप लाल तेली मनोनीत सदस्य पंकज पंचोली, राघवेंद्रनाथ व्यास, ओमप्रकाश तेली, वंदना आमेटा, पीरू सिंह गौड़, आनंद शर्मा सहित सदस्यों ने हस्ताक्षर कर अपनी एकजुटता दिखाई है।

---

भीलवाड़ा में आईजी राहुल कोटोकी का सख्त संदेश

## अपराधियों की खैर नहीं, दुबई गैंग और साइबर अपराध पर होगा बड़ा प्रहार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में बढ़ते अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) राहुल कोटोकी ने गुरुवार को भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मैराथन समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अपराधियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाते हुए हर सक्रिय आपराधिक गिरोह पर निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में आईजी ने जिले में अपराध की स्थिति, लंबित प्रकरणों और कानून-व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने साइबर अपराधों पर विशेष फोकस करते हुए साइबर ठगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने, तकनीकी निगरानी मजबूत करने तथा आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक सागर राणा के साथ हाल ही में चर्चित दुबई से संचालित होकर भीलवाड़ा में रंगदारी और वसूली करने वाली गैंग पर भी विस्तृत चर्चा हुई। आईजी ने गिरोह से जुड़े प्रत्येक आरोपी की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने तथा पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला अपराध, संगठित अपराध और अन्य गंभीर मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से ही कानून का भय कायम रहेगा और आमजन का पुलिस पर विश्वास मजबूत होगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उपाधीक्षक, थाना प्रभारी सहित जिले के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद आईजी राहुल कोटोकी ने पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचकर अभय कमांड सेंटर एवं विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद वे रायला थाना के निरीक्षण के लिए रवाना हुए, जहां निरीक्षण के बाद उनके जयपुर लौटने का कार्यक्रम निर्धारित है।



---

## स्टेट हाईवे-134 पर खजूरी ग्राम पंचायत के बाहर फिर उभरा 'मौत का गड्ढा': टोल वसूली जारी, सड़क बदहाल

(स्मार्ट हलचल/अलकेश पारीक)

**खजूरी ।** जहाजपुर से त्रिवेणी धाम को जोड़ने वाले स्टेट हाईवे-134 पर खजूरी ग्राम पंचायत के बाहर सड़क पर बना विशाल गड्ढा एक बार फिर राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। इस गंभीर जनसमस्या को लेकर पहले भी समाचार प्रकाशित किया गया था, लेकिन संबंधित विभाग और जिम्मेदार निर्माण एजेंसी की उदासीनता के चलते आज तक स्थायी मरम्मत नहीं कराई जा सकी।

**बरसात में पानी भरने से बढ़ा हादसों का अंदेशा**

क्षेत्र का प्रमुख मार्ग होने के कारण स्टेट हाईवे-134 से प्रतिदिन हजारों दोपहिया-चारपहिया वाहन, निजी बसें, स्कूल वाहन, एंबुलेंस, मालवाहक वाहन और त्रिवेणी धाम जाने वाले श्रद्धालु गुजरते हैं। बारिश के दौरान सड़क का विशाल गड्ढा पूरी तरह पानी से भर जाता है, जिससे चालकों को इसकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। अचानक वाहन की दिशा बदलने के चक्कर में कई दोपहिया वाहन चालक असंतुलित होकर गिर चुके हैं।

**नियमित वसूला जा रहा टोल, फिर रखरखाव में लापरवाही क्यों?**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि इसी स्टेट हाईवे-134 पर वाहन चालकों से नियमित रूप से टोल टैक्स वसूला जा रहा है, लेकिन सड़क की हालत बद से बदतर बनी हुई है। टोल चुकाने के बावजूद लोगों को सुरक्षित और सुगम सड़क नहीं मिल रही। ग्रामीणों का कहना है कि जब सड़क रखरखाव के नाम पर टोल लिया जा रहा है, तो फिर इस जानलेवा गड्ढे की समय पर मरम्मत क्यों नहीं कराई जा रही?

*पहले भी प्रकाशित हुई थी खबर, लेकिन नहीं हुई स्थायी मरम्मत*
*बरसात में पानी भरने से हर पल बना हादसे का खतरा*



**ग्रामीणों ने प्रशासन से की त्वरित कार्रवाई की मांग**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पूर्व में खबर प्रकाशित होने के बाद उम्मीद जगी थी कि विभाग जागेगा, लेकिन स्थिति पहले से भी अधिक खराब हो चुकी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी से मांग की है कि खजूरी ग्राम पंचायत के बाहर बने इस जानलेवा गड्ढे की तत्काल गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी मरम्मत कराई जाए। साथ ही टोल वसूलने वाली एजेंसी की जवाबदेही तय कर नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।

---

## जोधपुर में सैनाचार्य अचलानंद गिरीजी महाराज द्वारा 'श्री सेन महाकुंभ' के पोस्टर का विमोचन

स्मार्ट हलचल

**जोधपुर/भीलवाड़ा ।** सेन समाज के परम आराध्य और धर्मगुरू श्री श्री 1008 स्वामी श्री अचलानंद गिरीजी महाराज (सैनाचार्य) के सानिध्य में जोधपुर में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भीलवाड़ा (राजस्थान) से पहुंचे सुरेश कुमार सेन कटार के नेतृत्व में एक विशेष प्रतिनिधिमंडल ने महाराज श्री का चरण वंदन कर गुरु पूजन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया इस पावन अवसर पर सैनाचार्य श्री के कर-कमलों द्वारा 'श्री सेन महाकुंभ' के भव्य आमंत्रण पोस्टर का विमोचन किया गया, जो वस्त्रनगरी भीलवाड़ा में 3 और 4 अक्टूबर 2026 को आयोजित होगा इस ऐतिहासिक महाकुंभ का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण भारतवर्ष के सेन समाज को एक छत के नीचे लाकर उनका सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक सर्वांगीण विकास करना है आयोजन में देशभर से समाज के संतगण, बुद्धिजीवी, उद्योगपति और राजनेता शामिल होंगे, इस अवसर पर सुभाषजी गोठड़िया (सेन विकास पत्रिका जयपुर), भगतजी सेन (भीलवाड़ा), सुरेश कुमार सेन (कुंडिया), कंचन देवी सेन (पुष्कर), नेमीचंदजी सेन (बाड़मेर) एवं लीला जी सेन (कटार) उपस्थित रहे ।



---

## बजरी माफियाओं पर जहाजपुर पुलिस का बड़ा शिकंजा अवैध खनन-परिवहन में लिप्त 9 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर (/अलकेश पारीक)।** क्षेत्र में अवैध बजरी खनन एवं चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जहाजपुर पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन में संलिप्त 9 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करवाया है। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से क्षेत्र के बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

**नाकाबंदी कर बिना रवन्ने और रॉयल्टी के वाहनों को पकड़ा**

जानकारी के अनुसार, पुलिस को लंबे समय से क्षेत्र की नदियों और आसपास के स्थानों से अवैध रूप से बजरी निकालकर चोरी-छिपे परिवहन किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। इसके मद्देनजर जहाजपुर पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए विभिन्न प्रमुख मार्गों पर नाकाबंदी कर सघन वाहन जांच शुरू की। जांच के दौरान बिना वैध रॉयल्टी और आवश्यक दस्तावेजों के बजरी भरकर ले जाई जा रही 9 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया।

*विशेष अभियान के तहत पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, थाना परिसर में खड़े करवाए जब्त वाहन; माफियाओं में मचा हड़कंप*



**'अवैध खनन के खिलाफ लगातार जारी रहेगा अभियान'**

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन और बजरी चोरी के खिलाफ जिलेभर में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जब्त किए गए वाहनों के विरुद्ध खनिज विभाग एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भी गहनता से जानकारी जुटाई जा रही है।

**माफियाओं को पुलिस की कड़ी चेतावनी**

गौरतलब है कि जहाजपुर क्षेत्र में अवैध बजरी खनन और परिवहन लंबे समय से प्रशासन और पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। ऐसे में पुलिस की यह त्वरित कार्रवाई अवैध बजरी कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि भविष्य में भी ऐसे सघन अभियान जारी रहेंगे और अवैध खनन या चोरी में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

---

## गुरु पूर्णिमा पर एनएसयूआई परिवार ने गुरुजनों का किया सम्मान

### मिश्री खिलाकर एवं कलम भेंट कर लिया आशीर्वाद, शिक्षा एवं संस्कारों के महत्व को किया रेखांकित

*प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र डांगी सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों का उपरना ओढ़ाकर, तिलक लगाकर किया अभिनंदन*

स्मार्ट हलचल

**निम्बाहेड़ा, (ज़ाकिर हुसैन)** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार दोपहर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) निम्बाहेड़ा परिवार के पदाधिकारियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, निम्बाहेड़ा में गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित कर प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र डांगी सहित महाविद्यालय के समस्त गुरुजनों का भावपूर्ण सम्मान किया। इस अवसर पर एनएसयूआई पदाधिकारियों ने प्राचार्य एवं शिक्षकों को उपरना ओढ़ाकर, तिलक लगाकर, मिश्री खिलाकर तथा कलम भेंट कर गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गुरु ही व्यक्ति के जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। गुरु का मार्गदर्शन ही ज्ञान, संस्कार एवं सफलता का आधार होता है। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है और गुरु पूर्णिमा का पर्व इसी गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त करने का अवसर है। इस अवसर पर एनएसयूआई ब्लाक अध्यक्ष भंवर सिंह शक्तावत, जिला सचिव नवरत्न प्रजापत, विधानसभा उपाध्यक्ष शिशपाल सिंह सोलंकी, विपिन आंजना, नगर संगठन महासचिव राघव लड्ढा, इकाई उपाध्यक्ष तनीष माली कृष्णा मीणा, इकाई महासचिव श्रेयांश कुमावत, सुमित सिंह, अर्चना अहीर, चिनीशा वर्मा सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई परिवार के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने गुरुजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और गुरु-शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



---

## शिवनगर में सीवरेज कार्य बना मुसीबत, सड़कें बदहाल;क्षेत्रवासी परेशान, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, जल्द मरम्मत की मांग

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** शहर के शिवनगर क्षेत्र में अमृत-2 योजना के तहत चल रहे सीवरेज कार्य को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। करीब दो माह पहले पाइपलाइन डालने के लिए सड़कें खोदी गई थीं, लेकिन अब तक उनकी मरम्मत नहीं होने से पूरा क्षेत्र कीचड़, गंदगी और जाम नालियों की समस्या से जूझ रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोगों का पैदल निकलना तक मुश्किल हो गया है। गुरुवार को इसी समस्या को लेकर कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक के नेतृत्व में प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध जताया और सीवरेज कार्य शीघ्र पूरा कर सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मनोज पालीवाल ने कहा कि स्थानीय निवासियों की शिकायत मिलने पर कांग्रेस नेताओं ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अमृत-2 योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क की सही तरीके से भराई नहीं की गई, जिससे पूरा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो गया है और आमजन का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पालीवाल ने आरोप लगाया कि पिछले दो माह से ऑटो-टीपर क्षेत्र में नहीं पहुंच पा रहे हैं, गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित है और स्कूली बच्चों को गंदगी से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक, सांसद और नगर निगम इस समस्या के समाधान में विफल रहे हैं, जबकि ठेकेदार मनमानी कर रहा है और प्रशासन पूरी तरह मौन बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमृत-2 योजना के कार्य में सरकार के एक कैबिनेट स्तर के मंत्री की कथित भागीदारी होने के कारण ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़कें दुरुस्त कर आमजन को राहत नहीं दी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

---

आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 4 भट्टियां ध्वस्त, 4,800 लीटर वॉश नष्ट, 40 लीटर हथकढ़ शराब जब्त,2 महिलाएं गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा ।** जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ आबकारी विभाग का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में आबकारी निरोधक दल ने गुरुवार को भीलवाड़ा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान दो महिलाओं को अवैध हथकड़ शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया, जबकि चार अवैध भट्टियों को ध्वस्त कर हजारों लीटर वॉश नष्ट किया गया। आबकारी निरोधक दल के प्रभारी विनय जोशी के नेतृत्व में टीम ने सबसे पहले कोठारी नदी क्षेत्र में दबिश दी। यहां दो महिलाओं को अवैध हथकड़ शराब की बिक्री करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। मौके से 40 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई तथा शराब बनाने के लिए तैयार करीब 1,800 लीटर वॉश को नष्ट कर दिया गया। इसके बाद टीम ने कुंवाड़ा खान क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए चार अवैध शराब भट्टियों को ध्वस्त किया। यहां छिपाकर रखा गया करीब 3,000 लीटर वॉश भी जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पूरे अभियान के दौरान आबकारी विभाग के साथ भीलवाड़ा सर्कल के सीआई आशीष शर्मा, नाथू सिंह एवं पुलिस जाब्ता मौजूद रहा। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

---

## माउंटेन ड्यू की बोतल में तैरती मिली मरी मकड़ी, स्वास्थ्य से खिलवाड़

### कैफे में कांच की बोतल खोलते ही दिखा कीड़ा, समय रहते टला बड़ा हादसा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर के एक कैफे में एनर्जी ड्रिंक माउंटेन ड्यू की कांच की बोतल में मरी हुई मकड़ी तैरती मिलने से हड़कंप मच गया। बोतल खोलते ही ग्राहकों को मकड़ी दिखी, जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। घटना के बाद लोगों ने प्रशासन और कंपनी की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।




**पहले भी हो चुकी है कार्रवाई**

प्रशासन ने पहले भी जन स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर एनर्जी ड्रिंक कंपनियों के खिलाफ अपील की थी। शहर की नामचीन कंपनियों पर छापेमार कार्रवाई कर एनर्जी ड्रिंक के सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। इस मामले के बाद अब फिर से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम से जांच की मांग की जा रही है। लोगों का आरोप है कि बिना गुणवत्ता जांच के ही ये ड्रिंक बाजार में बेचे जा रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि उन्हें भी इस तरह का कोई उत्पाद मिले तो तुरंत इसकी सूचना दें।

---

## औद्योगिक क्षेत्रों और खनन क्लस्टरों में पुलिसिंग को बेहतर बनाने ओर समस्याओं का त्वरित निस्तारण को लेकर 125 थानों की महत्वपूर्ण बैठक

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** औद्योगिक विकास और निवेश के लिए भयमुक्त एवं सुरक्षित माहौल तैयार करने, औद्योगिक क्षेत्रों और खनन क्लस्टरों (Mining Clusters) में पुलिस प्रतिक्रिया समय (Response Time) को बेहतर बनाने ओर उद्योगपतियों, श्रमिकों और स्थानीय लोगों से प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के लिए अतिरिक्त महानिदेशक (कानून व्यवस्था) एसपी सागर राणा के निर्देशन में पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण बैठके आयोजित हुई । जिलेभर में कुल 125 सामुदायिक बैठकों का आयोजन हुआ । प्रतापनगर, हमीरगढ़, पुर, मांडल, गुलाबपुरा, राय ला, गंगापुर, मंगरोप, गांधीनगर, रायपुर, कारोई थाना कक्षेत्रों में बैठक आयोजित हुई । बैठकों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वृत्ताधिकारी (CO), थानाधिकारी, बीट पर्यवेक्षक और बीट प्रभारियों ने सीधा संवाद किया। आपातकालीन सहायता और बेहतर समन्वय के लिए संबंधित क्षेत्रों में थानाधिकारी और बीट कांस्टेबल के मोबाइल नंबर जगह-जगह प्रदर्शित किए गए। बैठकों में प्राप्त सुरक्षा संबंधी शिकायतों और स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया।



### अभियान साइबर शील्ड में पुलिस थाना भवानीमण्डी ने किया 01 आरोपी गिरफ्तार

# बैंक खाता खरीदने वाला शातिर आरोपी अरबाज अली को पुलिस थाना भवानीमण्डी ने किया गिरफ्तार...

*आरोपी अरबाज अली कमीशन का लालच देकर म्यूल बैंक खाता धारकों के खाते में डलवाता था साइबर फ्रॉड की राशि*

स्मार्ट हलचल



**स्मार्ट हलचल/ रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी** भवानी मंडी पुलिस ने साइबर फ्रॉड में लिप्त बैंक खाता खरीद कर उन खातों में ट्रांजैक्शन करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की इस सहित प्रकरण में अब तक तीन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि वर्तमान में बढ़ते हुये साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं साइबर अपराध में संलिप्त म्यूल खाता धारकों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही हेतु सभी थानाधिकारियों को थाना स्तर पर टीम गठित कर कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया रखा है। जिसके अन्तर्गत पुलिस थाना भवानीमण्डी द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा साइबर अपराध में संलिप्त म्यूल बैंक खाता धारक अरबाज अली को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है।

**घटना विवरणः-** दिनांक 14 जुलाई को साइबर शील्ड अभियान के अन्तर्गत विरेन्द्र सिंह एसआई को सूचना मिली कि राहुल कुमार बैरागी पुत्र श्री साल्विया जाति बैरागी निवासी आंवली कला पुलिस थाना भवानीमण्डी जिला झालावाड़ राजस्थान के अपने बैंक खाता का म्यूल बैंक खाता के रूप में उपयोग कर रहा है। जिस पर उक्त व्यक्ति के बैंक खाता की जानकारी प्राप्त की गयी। सम्पूर्ण जांच से प्राप्त हुआ कि उक्त व्यक्ति द्वारा आमजन के साथ म्यूल बैंक खातों के माध्यम से साइबर फ्रॉड कर लाभ प्राप्त करता है और स्वयं के नाम से खुले हुये उक्त बैंक खाता को साइबर फ्रॉड के लिए ही उपयोग में लिया गया है इत्यादी पर राहुल कुमार के खिलाफ अपराध धारा 318(4),316(2) बी.एन.एस. 2023 व धारा 66D आई टी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया।

**कार्यवाही पुलिसः-** जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व भागचंद मीणा पुलिस अधीक्षक झालावाड के निर्देशन एवं श सत्यनारायण गोदारा वृताधिकारी वृत भवानीमण्डी के निकटतम सुपरविजन में प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी थाना भवानीमण्डी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा प्राप्त सूचना व तकनीकी विश्लेषण द्वारा साइबर अपराध में संलिप्त म्यूल बैंक खातो व खाता धारक की जानकारी प्राप्त की जाकर बैंक खाता खरीदने वाले आरोपी अरबाज अली को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है।

**गिरफ्तार आरोपीः-**
अरबाज अली पुत्र श्री युनुस अली जाति मुसलमान उम्र-25 साल निवासी पाडल्या माताजी पुलिस थाना लीमाचौहान जिला-राजगढ (म.प्र.)

**गठित टीमः-**
प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना भवानीमण्डी
विरेन्द्र सिंह एसआई पुलिस थाना भवानीमण्डी
तेजेन्द्र सिंह कानि 1379 पुलिस थाना भवानीमण्डी (विशेष भूमिका)
महेश कुमार कानि 1380 पुलिस थाना भवानीमण्डी
हरिराम कानि 1258 पुलिस थाना भवानीमण्डी
विकास कुमार कानि 285 पुलिस थाना भवानी मंडी

## गौरव पथ पर गंदगी का साम्राज्य, उपखंड कार्यालय के सामने फैली सड़ांध से लोग परेशान



### सड़क किनारे कचरे के ढेर, गंदा पानी और कीचड़ बना परेशानी का कारण; नगर पालिका की सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के नगर पालिका के दावों की हकीकत उसके ही जिम्मेदारों के सामने उजागर हो रही है। जहाजपुर के सबसे व्यस्त और प्रमुख गौरव पथ पर स्थित उपखंड कार्यालय के ठीक बाहर गंदगी, कीचड़ और कचरे के ढेर आम लोगों के साथ-साथ प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि इसी मार्ग पर उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यालय, पंचायत समिति और पुलिस थाना जैसे महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय स्थित हैं, लेकिन सफाई व्यवस्था पूरी तरह बदहाल नजर आ रही है। यह वही मुख्य मार्ग है, जहां से प्रतिदिन उपखंड अधिकारी (एसडीएम), तहसीलदार, पुलिस अधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी गुजरते हैं। इसके बावजूद सड़क किनारे जमा कचरा, कीचड़ और नालियों का गंदा पानी खुलेआम बह रहा है। इससे न केवल राहगीरों को परेशानी हो रही है, बल्कि नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब प्रशासनिक कार्यालयों के बाहर ही सफाई व्यवस्था का यह हाल है तो शहर के अन्य इलाकों की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों ने नगर पालिका से तत्काल सफाई करवाने और नियमित मॉनिटरिंग की मांग की है।

## भाजपा गंगापुर नगर मण्डल द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर दीपोत्सव

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर -** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा गंगापुर नगर मण्डल द्वारा रामदेव मंदिर, रैगर मोहल्ला, गंगापुर में श्रद्धा, आस्था एवं उत्साह के साथ




दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहाड़ा विधायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंदिर के पुजारी बिहारी दास महाराज का विधायक एवं भाजपा गंगापुर नगर मण्डल अध्यक्ष अमित तिवाड़ी द्वारा साफा पहनाकर, उपरणा ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक ने संत गुरु रविदास के समरसता, समानता, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। भाजपा गंगापुर नगर अध्यक्ष अमित तिवाड़ी ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने दीप प्रज्ज्वलित कर संत गुरु रविदास को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके समरसता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ हुआ।

### अंतिम सफर भी बेबसः बारिश में टपकते टीनशेड के नीचे हुआ अंतिम संस्कार, चिता बचाने को तानना पड़ा तिरपाल

# विकास के दावों पर बड़ा सवालः बाउंड्री बन गई, लेकिन श्मशान घाट पर आज तक नहीं मिली सुरक्षित छत

**भीगती रहीं लकड़ियां, बारिश से जूझते रहे परिजन; वर्षों से मांग के बावजूद नहीं सुधरी व्यवस्था**

स्मार्ट हलचल



**खामोर (भीलवाड़ा)।** जीवन की अंतिम विदाई भी गुरुवार को सरकारी व्यवस्थाओं की बदहाली की गवाह बन गई। खामोर गांव के चानियां तालाब के निकट स्थित श्मशान घाट पर बावरी समाज के 65 वर्षीय मोहन बावरी का अंतिम संस्कार मूसलाधार बारिश के बीच करना पड़ा। श्मशान घाट पर लगा टीनशेड क्षतिग्रस्त होने से लगातार पानी टपकता रहा और अंतिम संस्कार के लिए रखी लकड़ियां भीगने लगीं। मजबूरन परिजनों और ग्रामीणों ने चिता और लकड़ियों को बचाने के लिए तिरपाल तानकर अंतिम संस्कार पूरा किया। बारिश के बीच अंतिम संस्कार में शामिल लोग खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागते रहे। श्मशान घाट पर न पर्याप्त टीनशेड है, न विश्रांति गृह और न ही ऐसी व्यवस्था, जिससे अंतिम संस्कार के दौरान लोगों को राहत मिल सके। सबसे संवेदनशील मौके पर भी लोगों को अव्यवस्थाओं के बीच अपने परिजन को अंतिम विदाई देनी पड़ी। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से श्मशान घाट पर टीनशेड और अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग की जा रही है। कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन श्मशान घाट दर्ज तक नहीं किया गया।अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि जब चारदीवारी का निर्माण कराया जा सकता है, तो अंतिम संस्कार के लिए आवश्यक टीनशेड क्यों नहीं बनाया गया।

**तथ्य भी चौंकाने वाला**
राज्यास रोड स्थित श्मशान घाट की करीब 4 बीघा भूमि राजस्व रिकॉर्ड में श्मशान के नाम दर्ज है। इसके बावजूद वहां भी आज तक पर्याप्त टीनशेड और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित नहीं हो सकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दर्ज श्मशान घाट होने के बावजूद वर्षों से मूलभूत सुविधाओं का इंतजार है।गांव के लोगों ने प्रशासन से दोनों श्मशान घाटों पर तत्काल टीनशेड, विश्रांति गृह, पक्का पहुंच मार्ग और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि किसी भी परिवार को अंतिम विदाई जैसे संवेदनशील अवसर पर ऐसी पीड़ादायक परिस्थितियों का सामना न करना पड़े।

## बिना सूचना 25 सफाई कर्मचारियों को हटाने पर भड़का आक्रोश सफाई कर्मचारीयों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं - ज्ञानचंद खटीक

### उपखंड अधिकारी रायपुर को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**किशन खटीक/ रायपुर,** ग्राम पंचायत रायपुर में 1 जुलाई 2026 से लगभग 25 सफाई कर्मचारियों को बिना पूर्व सूचना एवं वैधानिक प्रक्रिया अपनाए कार्य से हटाए जाने, पाँच माह का बकाया वेतन नहीं देने तथा गांव की सफाई व्यवस्था चरमराने के विरोध में डा. भीमराव अम्बेडकर युवा संगठन संस्था, रायपुर भीलवाड़ा के अध्यक्ष ज्ञानचंद खटीक के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी रायपुर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा सफाई कर्मचारियों को बिना लिखित आदेश, कारण बताओ नोटिस अथवा नियमानुसार प्रक्रिया अपनाए कार्य से हटाया गया, जिससे करीब 25 परिवारों की आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। साथ ही कर्मचारियों का लगभग पाँच माह का बकाया वेतन भी अब तक जारी नहीं किया गया है, जिससे उनके परिवार आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि वर्तमान में गांव के अधिकांश वार्डों और मोहल्लों में नियमित सफाई नहीं होने से नालियों में गंदगी जमा हो रही है तथा डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित मौसमी बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। विशेष रूप से दलित, घुमंतू, आदिवासी, पिछड़े एवं अल्पसंख्यक समुदाय की बस्तियों में सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की बात भी ज्ञापन में कही गई है। संगठन ने मांग की कि हटाए गए सभी सफाई कर्मचारियों को नियमानुसार पुनः कार्य पर लिया जाए, उनका लंबित वेतन तत्काल जारी किया जाए तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के नियमित सफाई व्यवस्था बहाल करने तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए विशेष सफाई अभियान चलाने की मांग भी की गई। इस दौरान ज्ञानचंद खटीक ने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो सफाई कर्मचारी, सामाजिक संगठन एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन पर सफाई कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी समर्थन स्वरूप हस्ताक्षर किए।



# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व बजरंग दल ने किया संतों का सम्मान, सनातन जागरण का लिया संकल्प

**प्रमुख संत-महंतों का पूजन कर लिया आशीर्वाद, हनुमान चालीसा केंद्रों के विस्तार पर हुआ मंथन**

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के केंद्रीय, जिला एवं महानगर इकाई के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भीलवाड़ा महानगर में श्रद्धापूर्वक 'गुरु पूजन एवं संत सम्मान' कार्यक्रम आयोजित किया। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया के निर्देशानुसार देशभर में संतों के सम्मान एवं पूजन अभियान के तहत संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के प्रमुख संत-महंतों, महामंडलेश्वरों एवं आचार्यों का विधि-विधान से पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सनातन धर्म की मजबूती, संगठन विस्तार तथा सामाजिक समरसता को लेकर विचार-विमर्श भी किया गया। गुरु पूजन के क्रम में रामस्नेही संप्रदाय के स्वामी रामदयाल महाराज, उदासीन आश्रम के महामंडलेश्वर हंसाराम महाराज, निंबार्क आश्रम के महंत मोहन शरण शास्त्री, जैन मुनि पुलक सागर महाराज, महंत श्यामसुन्दर दास (लाला बाबा) सहित अन्य संत-महंतों एवं आचार्यों का सम्मान कर अभिनंदन किया गया। मार्गदर्शन सत्र में संत-महंतों ने कहा कि हनुमान चालीसा केंद्र सनातन समाज को एकजुट करने का प्रभावी और सरल माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने प्रत्येक मंदिर में शनिवार एवं मंगलवार को नियमित रूप से हनुमान चालीसा केंद्र संचालित करने का आह्वान किया। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने इस अभियान को समाज में धार्मिक जागरूकता और संगठन को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए इसे आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक में संगठन के आगामी सेवा, जनजागरण एवं आंदोलनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री चंद्र सिंह जैन, हिंदू हेल्पलाइन के राजस्थान प्रदेश महामंत्री एवं भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष गोपाल लाल तेली, विभाग मंत्री मुकेश कुमार शर्मा, जिला महामंत्री रामदेव बैरवा, राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष रितेश गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष अशोक (कालू) जोशी, राष्ट्रीय मजदूर परिषद जिलाध्यक्ष पूरण मल हिन्दू, हिंदू हेल्पलाइन जिलाध्यक्ष दिनेश जाट, विमल सिंह चौहान, दीपक वैष्णव सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिजौलियाँ में निकला 40 वा मोहर्रम

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ(दीपक राठौर)** बिजौलियाँ मे चालीसा मोहर्रम धूमधाम से निकल गया मोहर्रम छोटी मस्जिद सदर बाजार होते हुए पंचायत चौक सब्जी मंडी और तेजाजी का चौक से कर्बला ले जाया गया इस दौरान मुस्लिम यूथ कमेटी द्वारा जगह-जगह लंगर लगाए गए और छबील का इंतजाम किया गया 40वें मोहर्रम पर बाहर से अखाड़ा प्रदर्शन के लिए सिंगोली और नैनवा से आई पार्टी द्वारा करतब दिखाए गए तत्पश्चात करतब दिखाने वालों के लिए सामूहिक भोज की व्यवस्था छोटी मस्जिद पर की गई



## रायला में रेलवे की दीवार से बंद रास्ते को लेकर कलेक्टर को सोपा ज्ञापन



### ग्रामीणों ने दिया तीन दिन का अल्टीमेटम नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

स्मार्ट हलचल

**रायला (लक्की शर्मा)।** रायला में रेलवे की दीवारों से रास्ता बंद की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को ज्ञापन सौंपा । ग्रामीणों ने तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। समस्या का समाधान हो जाये रास्तो को खोल दिया जाए ताकि आपातकालीन परिस्थिति में वाहन आ जा सके अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन भी किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर द्वारा आश्वस्त किया गया हे की आगामी 3 से 4 दिनों के भीतर रास्तों को सुचारु रूप से खोल दिया जाएगा, जिससे आमजन को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने बताया कि कई समय से रास्ते बंद होने के कारण आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तीन से चार पांच दिनों के भीतर भी रास्तों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो रायला तहसील कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। इस संबंध में क्षेत्रवासियों में आक्रोश देखा गया। सभी ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## सामाजिक समरसता, शिक्षा और अनुशासन से ही समाज का होगा सर्वांगीण विकास सत्यनारायण खारवाल

स्मार्ट हलचल



**सुरज वर्मा शाहपुरा** बरियाला गांव में बुधवार को खारवाल-खारोल समाज के सामाजिक मिलन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में समाज के कोटा संभाग अध्यक्ष सत्यनारायण खारवाल एवं अजमेर शहर अध्यक्ष राजेश खारोल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान मारवाड़-गोडवाड़ अंचल से पधारे समाज के वरिष्ठ पंचों, प्रबुद्धजनों एवं समाजबंधुओं के साथ समाज की एकता, शिक्षा और संगठन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सत्यनारायण खारवाल ने कहा कि सामाजिक समरसता, अनुशासन और पारस्परिक सहयोग ही किसी भी प्रगतिशील समाज की वास्तविक पहचान हैं। उन्होंने कहा कि जिस समाज में एकता, भाईचारा और संगठन की भावना मजबूत होती है, वही समाज शिक्षा, सामाजिक चेतना और आर्थिक विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। इसी उद्देश्य से शिक्षा नगरी कोटा में अध्ययन करने वाले समाज के विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त समाज छात्रावास का निर्माण कराना संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। अजमेर शहर अध्यक्ष राजेश खारोल ने कहा कि प्रस्तावित समाज छात्रावास केवल एक भवन नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता, दूरदर्शिता और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा। इससे आने वाली पीढ़ियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर अवसर और सुरक्षित आवासीय सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त एसडीएम हेतराम खारवाल (बरियाला), सरपंच घेवरराम, प्रकाश धारावत (हेमावास), चेनाराम खारवाल (सुमेरपुर), धनजी सोलंकी (अहमदाबाद), जीवनलाल पंवार (जोधपुर), मुकेश खारवाल (लूणकरणसर), प्रकाश पंवार (पिचियाक), सुगनसिंह, देवजी खारवाल (बरियाला), प्रकाश सिसोदिया (चाणोद) सहित मारवाड़ अंचल के अनेक समाज पंच एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में सभी समाजजनों ने कोटा में समाज छात्रावास निर्माण के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने तथा समाज में शिक्षा, सामाजिक समरसता, अनुशासन और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## युवक के साथ मारपीट का आरोप, थाने में दी नामजद रिपोर्ट

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ(दीपक राठौर)** कस्बे के गणेश बड़ली निवासी विनोद ब्राह्मण ने बिजौलियां थाने में रिपोर्ट दे कर नन्दा कराड़ व भगवानलाल कराड़ पर मारपीट करने का आरोप लगाया।रिपोर्ट में बताया कि 24 जुलाई को सुबह करीब 11:30 वह नयागांव पट्रोलपंप पर पेट्रोल भरा रहा था तभी नन्दा वहां पर आया और गाली गलौच व मारपीट करने लग गया। 30 जुलाई को करीब 11 बजे वो नला का माता जी से आ रहा था तभी पार्श्वनाथ चोराहे पर आरोपियों ने उसको रोक लिया और दोबारा मारपीट करने लग गए। जिससे हाथ में चोट लग गई और खून बहने लग गया।इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। विनोद ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दी है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।



## महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत महिला पुलिस कार्मिकों से संवाद एवं शहर में निकाला जागरूकता पैदल मार्च

# महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एवं महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति सुरक्षित,

स्मार्ट हलचल

**बूंदी-** सम्मानजनक एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित 'महिला सुरक्षा संकल्प अभियान' के अंतर्गत जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी अवनीश कुमार शर्मा (IPS) के निर्देशन में तथा जसवीर मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, महिला अपराध अनुसंधान सेल, बून्दी एवं अदिति चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, त्वरित अनुसंधान सेल, बून्दी के पर्यवेक्षण में जिला बून्दी में महिला पुलिस कार्मिकों के साथ संवाद कार्यक्रम एवं जागरूकता पैदल मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित करने,



पीड़ित महिलाओं के प्रति संवेदनशील एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार अपनाने तथा प्रत्येक शिकायत का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े कानूनों, पुलिस की जिम्मेदारियों तथा जनसहभागिता के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। संवाद कार्यक्रम में महिला पुलिस कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि वे आमजन, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ नियमित संवाद स्थापित करें, उन्हें महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों, हेल्पलाइन सेवाओं एवं पुलिस द्वारा संचालित सुरक्षा उपायों की जानकारी दें तथा किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, मानव तस्करी अथवा महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अन्य अपराधों की सूचना मिलने पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके उपरांत महिला पुलिस कार्मिकों द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता पैदल मार्च निकाला गया। मार्च के दौरान आमजन को महिला सुरक्षा, महिला सम्मान एवं लैंगिक समानता का संदेश दिया गया तथा महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के प्रति जागरूक एवं सजग रहने की अपील की गई। साथ ही लोगों से आग्रह किया गया कि किसी भी प्रकार की आपराधिक या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। बून्दी पुलिस द्वारा संचालित इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण सुदृढ़ करना तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित एवं निर्भय माहौल उपलब्ध कराना है। जिला पुलिस भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन कर आमजन को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करती रहेगी।

**बून्दी पुलिस की अपील**

महिलाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार के अपराध, उत्पीड़न अथवा संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस अथवा जिला पुलिस के हेल्पलाइन नं. 8764862310 पर सूचना दें। आपकी सतर्कता और सहयोग ही सुरक्षित समाज की सबसे बड़ी ताकत है।

## विभिन्न मांगों को लेकर महारेली ओर महापड़ाव के साथ आमरण अनशन करेंगे अफीम किसान

**बन्शीलाल धाकड़ राजपुरा** डूंगला चित्तौड़गढ़ आज दिनांक 30 जुलाई 2026 को राष्ट्रीय अफीम किसान संघ के नेतृत्व में सैकड़ो किसान शनि देव मंदिर डूंगला उपस्थित हुए तथा डोडा चूरा नस्टीकरण को लेकर सरकार के विरुद्ध आक्रोश सताते हुए किसानों ने हुंकार भरी तथा दिनांक 3 अगस्त 2026 को सुबह 10:00 बजे चित्तौड़गढ़ में सांवलिया जी हॉस्पिटल से कलेक्टर तक विशाल रैली तथा कलेक्ट्रेट पर महापड़ाव और आमरण अनशन की घोषणा की जिसमें चित्तौड़गढ़ उदयपुर प्रतापगढ़ भीलवाड़ा झालावाड़ सहित हजारों किसानों के उपस्थित होने के कार्य योजना तय की गई। दुर्गेश जोशी ने बताया कि इस बार सरकार जब तक डोडा चुरा नष्टीकरण को लेकर लिखित आश्वासन नहीं देती है तब तक चित्तौड़गढ़ में पड़ाव रहेगा साथ ही सेवन सूत्री मांगे जिसमें मार्फीम नीति हटाने या 3.2 से पट्टे जारी करने अफीम का मूल्य वृद्धि करने एवं असमानता समाप्त करने, सीपीएस समाप्त करने तथा पुराने कटे हुए सभी पट्टे बहाल करने के साथ धारा 8/29 नारकोटिक्स एक्ट को हटाए जाने व डोडा चूरा को आबकारी विभाग को देने व मध्यप्रदेश की तरह डोडा चूरा नष्टीकरण जैसी विभिन्न मांगों को लेकर के यह महापड़ाव तय किया गया है। दुर्गेश जोशी अध्यक्ष राष्ट्रीय अफीम किसान संघ।



# सावर उपखंड के ई-मित्र संचालकों ने विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन...

स्मार्ट हलचल

**दिलखुश मोटीस सावर(अजमेर)@** संपूर्ण राजस्थान में ग्राम पंचायतों में कार्यरत ई-मित्र प्लस ऑपरेटर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला स्तर पर ज्ञापन सौंप रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को सावर उपखंड क्षेत्र के ई-मित्र संचालकों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर अजमेर सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ई-मित्र संघ के प्रतिनिधि द्वारका प्रसाद चंदेल (गुलगांव) ने बताया कि राज्य की ग्राम पंचायतों में ई-मित्र प्लस ऑपरेटर पिछले लगभग 10 वर्षों से



बिना किसी मानदेय के सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न शिविरों में भी ऑपरेटरों से निशुल्क कार्य कराया जाता है, जिससे उनके सामने आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि ई-मित्र संचालक राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, इसके बावजूद उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से ई-मित्र संचालकों ने मांग की कि ई-मित्र प्लस ऑपरेटरों को संविदा नियमों के तहत शामिल किया जाए, नियमित मानदेय दिया जाए, सेवा शुल्क (कमिशन) में वृद्धि की जाए, माइग्रेशन की स्वतंत्रता प्रदान की जाए तथा माइग्रेशन प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए। संचालकों ने चेतावनी दी कि यदि 15 अगस्त तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। इस दौरान द्वारका प्रसाद चंदेल, अशोक मीणा, हरिहर पारीक, भागचंद कहार, शिवराज कुमावत, अंबालाल मीणा, भैरूलाल गुर्जर, रामदयाल जांगिड़ सहित जिले के अनेक ई-मित्र संचालक उपस्थित रहे।

# नई दाल मिल लगाने पर सरकार देगी 25 लाख रुपये तक का अनुदान

## ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर होंगे सृजित, 10 अगस्त तक किए जा सकेंगे आवेदन

स्मार्ट हलचल

**बूंदी-** केंद्र सरकार के 'दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन' को गति देने और किसानों को सशक्त बनाने के लिए राजस्थान में नई दाल मिलें (दलहन प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग इकाई) स्थापित की जाएंगी। राज्य में दलहन उत्पादन के साथ-साथ इसके प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा आकर्षक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के तहत नई इकाई लगाने पर परियोजना लागत का 33 प्रतिशत या अधिकतम 25 लाख रुपये तक की अनुदान सहायता दी जाएगी। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में दलहन प्रसंस्करण अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से इस योजना का संचालन किया जा रहा है। इस पहल से न केवल किसानों को उनकी उपज का बेहतर व लाभकारी मूल्य मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि न्यूनतम 300 किलोग्राम प्रति घंटा क्षमता वाली दलहन प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग इकाई की स्थापना करने पर यह लाभ मिलेगा। इसमें मशीनरी, उपकरण, भवन, गोदाम, भंडारण तथा अन्य आवश्यक अवसंरचना के निर्माण पर होने वाले व्यय के लिए 33 प्रतिशत (अधिकतम 25 लाख रुपये) का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए अंतिम तिथि 10 अगस्त निर्धारित की गई है। इच्छुक एवं पात्र आवेदक तय समय सीमा के भीतर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना में कृषक उत्पादक संगठन, क्लस्टर लेवल फेडरेशन, प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां, व्यक्तिगत लाभार्थी तथा किसी भी अधिनियम के तहत पंजीकृत कोई अन्य उपक्रम पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए कृषक उत्पादक संगठन, क्लस्टर लेवल फेडरेशन और प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां कम से कम 2 वर्ष पूर्व से पंजीकृत और वर्तमान में क्रियाशील होनी चाहिए। व्यक्तिगत आवेदक में आवेदक की उम्र 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। साथ ही, एक परिवार से केवल एक ही व्यक्ति वित्तीय सहायता का लाभ लेने के लिए योग्य माना जाएगा। संस्था या व्यक्तिगत आवेदक के पास प्रोजेक्ट लागत का कम से कम 15 प्रतिशत हिस्सा और वर्किंग कैपिटल के लिए मार्जिन मनी पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन होने अनिवार्य हैं।

# इनरव्हील क्लब कोटा नॉर्थ ने मनाया पारंपरिक तीज महोत्सव, सावन की मस्ती में रंगीं सदस्याएं

### लोक परंपरा और उल्लास का संगम बना इनरव्हील क्लब का तीज महोत्सव

### सावन क्वीन सरोज गुप्ता एवं सरोज गोयंका व जश्ने बहारा क्वीन का खिताब सुशीला मित्तल एवं अर्चना माथुर को




स्मार्ट हलचल

**कोटा।** सावन माह और हरियाली तीज के उल्लासपूर्ण वातावरण में इनरव्हील क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा श्रीनाथपुरम में पारंपरिक तीज उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। हरियाली, प्रेम और उल्लास के प्रतीक इस आयोजन में प्रकृति की मनोहारी छटा और भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिला। क्लब अध्यक्ष डॉ. विजेता गुप्ता ने कहा कि तीज केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, प्रेम, सौहार्द और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का उत्सव है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं। क्लब सदस्य शैला अग्रवाल ने अतिथियों एवं सदस्याओं का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में ग्रीन थीम 'हरी सावन की थीम, सज-धज आई सावन' पर आधारित विभिन्न आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जश्ने बहारा क्वीन का खिताब सुशीला मित्तल एवं अर्चना माथुर ने संयुक्त रूप से जीता। सावन क्वीन सरोज गुप्ता एवं सरोज गोयंका रहीं। हरियाली क्वीन का सम्मान दीपिका चौहान और प्रमिला पारीक को मिला, जबकि चेतना गुप्ता विजेता रहीं। तीज क्वीन के रूप में नीता सिंह गौड़ सम्मानित हुईं तथा मोनिका गर्ग एवं मंजू साहनी विजेता घोषित की गईं। क्विज प्रतियोगिता में संगीता विजय, संगीता तुलस्यान, डॉ. बरथूनिया एवं रजनी गोयल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बेस्ट ग्रीन ड्रेसअप का पुरस्कार कौशल्या विजय को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं संचालन डायरेक्टर सरिता भूटानी और रेणु लालपुरिया ने किया। क्लब सचिव रजनी ने बताया कि सभी सदस्याओं ने पूरे उत्साह, उमंग और रचनात्मकता के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उत्सव का समापन पारंपरिक गीत-संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों हई।

## भीलवाड़ा में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, प्रदेशाध्यक्ष एम.डी. चोपदार का भव्य स्वागत

# भाजपा सरकार पर पेपर लीक, किसानों और भ्रष्टाचार को लेकर बोला तीखा हमला

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एम.डी. चोपदार गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा पहुंचे। सर्किट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। शहर जिलाध्यक्ष जी.पी. खटीक, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष हामिद रंगरेज, ग्रामीण जिलाध्यक्ष इकबाल मोहम्मद शाह सहित कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ों के बीच चोपदार का 51 किलो की पुष्पमाला, शॉल, साफा, हल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वागत के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए एम.डी. चोपदार ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।




उन्होंने कहा कि भाजपा की 'पर्ची सरकार' जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था बिगड़ी हुई है, महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है तथा सरकार केवल प्रचार की राजनीति कर रही है, जबकि आम जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। चोपदार ने कहा कि कांग्रेस 36 बिरादरी और सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। मुस्लिम, पारसी, बौद्ध, क्रिश्चियन, सिख और जैन सहित सभी अल्पसंख्यक समुदायों का कांग्रेस की विचारधारा पर विश्वास रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पंचायती राज और नगर निकाय चुनाव कराने से बच रही है तथा सरकार को जल्द चुनाव की घोषणा करनी चाहिए। पेपर लीक मामले पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2024, 2025 और 2026 में नीट परीक्षा के पेपर लीक होने से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ और कई छात्रों ने आत्महत्या तक की। उन्होंने कहा कि युवाओं के आंदोलन के दबाव में केंद्र सरकार को झुकना पड़ा और शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। साथ ही जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई की भी उन्होंने आलोचना की। किसानों के मुद्दे पर चोपदार ने कहा कि तीन कृषि कानूनों के विरोध में सैकड़ों किसानों की मौत के बाद सरकार को कानून वापस लेने पड़े। वहीं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नार्को टेस्ट वाले बयान का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस नेताओं का नार्को टेस्ट हो सकता है तो कथित 500 करोड़ रुपये के कृषि घोटाले को लेकर कृषि मंत्री का भी नार्को टेस्ट कराया जाए, ताकि सच सामने आ सके। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाती रहेगी और प्रदेश के हर वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। साथ ही कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत करने तथा आगामी चुनावों की तैयारियों में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य मोहम्मद याकूब, प्रदेश उपाध्यक्ष जफर टाक, प्रदेश सचिव अली मंसूरी, ग्रामीण जिलाध्यक्ष इकबाल शाह, हाजी इकबाल, शबनम डायर, सोनू कायमखानी, आरिफ बिसायती, ताहिर पठान, फारूक मंसूरी, कश्मीर शेख, हाजी उमर डायर, नफीस मुल्तानी, हाजी मोहम्मद हुसैन अंसारी सहित प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर के अनेक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ई-मित्र प्लस ऑपरेटरों ने सौंपा ज्ञापन, फिक्स मानदेय व नियमितीकरण की मांग

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा,** ग्राम पंचायत ई-मित्र संचालक संघ के बैनर तले गुरुवार को जिले भर के ई-मित्र प्लस ऑपरेटरों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन जिला अध्यक्ष प्रभु लाल प्रजापत के नेतृत्व में दिया गया। ऑपरेटरों ने सरकार से मांग की कि सभी ई-मित्र प्लस संचालकों को हर महीने फिक्स मानदेय दिया जाए और उन्हें ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित किया जाए। साथ ही पंचायतों में स्थायी पदों पर समायोजन और परिवारों की सुरक्षा की भी मांग रखी। जिला अध्यक्ष प्रभु लाल प्रजापत ने कहा कि ई-मित्र प्लस के जरिए सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, लेकिन आज यह योजना ही बंद होने के कगार पर है। अगर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सेवाएं बाधित होंगी। प्रदर्शन में कीर्तिसिंह, महेंद्र मेघवंशी, रामस्वरूप, दौलत कुमार, सांवरमल तेली सहित बड़ी संख्या में ऑपरेटर मौजूद रहे। ऑपरेटरों ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा।



# काशीपुरी वकील कॉलोनी महिला संगठन द्वारा मस्ती, मनोरंजन और मेलजोल से सराबोर रहा पिकनिक आयोजन

### शुभम् रिसोर्ट में गीत-संगीत, डांस, पूल पार्टी और मनोरंजक खेलों के बीच सदस्याओं ने बिताए यादगार पल

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)।** काशीपुरी वकील कॉलोनी महिला संगठन की ओर से शुभम् रिसोर्ट में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ पिकनिक का आयोजन किया गया। आयोजन में सदस्याओं ने दैनिक जीवन की व्यस्तताओं से कुछ समय निकालकर आपसी मेलजोल बढ़ाया और मनोरंजन के साथ यादगार पल बिताए। संगठन की अध्यक्ष चंद्रकांता बाहेती ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को पारिवारिक एवं सामाजिक जिम्मेदारियों से कुछ समय का विराम देकर एक-दूसरे के साथ आत्मीयता और सौहार्दपूर्ण वातावरण में समय बिताने का अवसर प्रदान करना है। ऐसे आयोजन संगठन की एकजुटता और पारस्परिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाते हैं। सचिव मनोरमा कोठारी ने बताया कि पिकनिक के दौरान सदस्याओं ने गीत-संगीत, डांस, पूल पार्टी, विभिन्न मनोरंजक खेलों और स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया। पूरे आयोजन में हंसी, खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा तथा सभी सदस्याओं ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर निवर्तमान नगर अध्यक्ष सुमन सोनी सहित शीला जागेटिया, पुष्पा ईनानी, शारदा न्याती, उर्मिला सोनी, दिव्या सोनी, मीना मण्डोवरा, प्रेमलता जागेटिया, सुनीता सामरिया, गीता सोनी, मंजू भण्डारी, वंदना सोनी, ज्योति बांगड़, यशोदा हेडा, सुनीता सोमानी, मंजू सोनी, कौशल्या बिड़ला, सोनल दरक, रेखा अजमेरा एवं अन्य सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के समापन पर सभी सदस्याओं ने ऐसे आयोजन समय-समय पर आयोजित करने पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम संगठन में एकता, सौहार्द, आत्मीयता और पारिवारिक भावनाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस की तैयारी बैठक आयोजित

स्मार्ट हलचल

**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार आने वाले नगरीय निकाय एवं पंचायती राज चुनावों के सम्बन्ध में जिला कमेटी से लेकर शहर कांग्रेस कमेटी तक चुनाव रणनीति बनाने हेतु बैठकें आयोजित कि जाएगी। ब्लाक कांग्रेस प्रवक्ता अख्तर अली ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय न्यायालय ने राजस्थान चुनाव आयोग को नवम्बर माह से पहले प्रदेश में चुनाव करवाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार इस सम्बन्ध में डग विधानसभा कि एक बैठक दिनांक 31 जुलाई 2026,को शाम 4 बजे स्थान भैरू जी महाराज परिसर डग में आयोजित कि जाएगी। बैठक में मुख्य अतिथि राजस्थान कांग्रेस कि सह प्रभारी श्रीमती पूनम पासवान एवं अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह गुर्जर एवं विशिष्ट आतिथ्य विधानसभा प्रभारी नेमी गुर्जर,सुसनेर विधायक भैरू सिंह परमार, विधानसभा प्रत्याशी चेतराज गहलोत, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह प्रतिहार, रोड सिंह परमार रहेंगे।

## शहीद बिरधि चंद गुर्जर का शहादत दिवस मनाया गया

# बैनपा विद्यालय में वीरांगना का सम्मान, नाम बदलने की मांग

स्मार्ट हलचल

**अविनाश मीणा घाड़ (देवली), टोंक** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बैनपा में देश के वीर सपूत शहीद बिरधि चंद गुर्जर का शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस गरिमामयी आयोजन में क्षेत्रवासियों, विद्यालय स्टाफ और शहीद के परिजनों ने उनकी पोस्टर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम के दौरान शहीद की वीरांगना श्रीमती मौत्या देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अजमेर से विशेष रूप से पधारे सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर भैरव लाल सोलंकी ने विद्यालय में उपस्थित बच्चों और ग्रामवासियों को संबोधित किया। सोलंकी ने शहीद बिरधी चंद गुर्जर की वीरता की दास्तान साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार शहीद ने आतंकवादियों से लोहा लेते हुए देश के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी यह गाथा सुनकर सभी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामवासियों और विद्यालय स्टाफ ने एक स्वर में मांग की। उन्होंने कहा कि स्थानीय विद्यालय का नाम बदलकर 'शहीद बिरधी चंद गुर्जर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय' घोषित किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस महान देशभक्त से प्रेरणा ले सकें। इस अवसर पर भूतपूर्व प्रधानाध्यापक राधाकृष्ण मीना सहित कई गणमान्य ग्रामवासी और विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी बच्चों को हर्षोल्लास के साथ फल वितरित किए गए।



## SD राजकीय महाविद्यालय में 'नाद आराधन' का सफल आयोजन

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय के संगीत विभाग में मासिक संगीत सभा 'नाद आराधन' का आयोजन गुरुवार को उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। युवाओं में भारतीय शास्त्रीय संगीत के संरक्षण, संवर्धन और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के मध्य सांगीतिक संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से यह अभिनव पहल शुरू की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. दुष्यन्त त्रिपाठी ने स्वागत भाषण में बताया कि इस श्रृंखला का मुख्य उद्देश्य प्रतिष्ठित संगीत महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के मध्य सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। इसके तहत हर माह विभिन्न संस्थानों के युवा कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। इस अवसर पर राजस्थान संगीत संस्थान, जयपुर के विद्यार्थी दल ने शास्त्रीय गायन, टप्पा, ठुमरी, गजल, सितार एवं तबला वादन की मनोहारी प्रस्तुतियाँ देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रेखा मंडोवरा ने संगीत विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे राष्ट्रीय स्तर पर अनुकरणीय प्रयास बताया। कार्यक्रम के अंत में अतिथि कलाकारों को स्मृति-चिन्ह एवं सम्मान-पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जतिन जैन एवं वरुण चावला ने किया, जबकि संयोजन निश्चय कच्छावा व कुलदीप रावलोत ने संभाला। अंत में सुनील कुमार मुसालिया एवं किशन सोनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. प्रिया गुप्ता (अजमेर), महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, शोधार्थी और बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी मौजूद रहे।



## अब्दुल वाहिद खान ने विकास कार्यों हेतु 51000 रूपए की राशि भेंट की

स्मार्ट हलचल



**जितेन्द्र गौड़ बूंदी** - राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खानपुरा नैनवां में गुरुवार को पूर्व में कार्यरत अब्दुल वाहिद खान अध्यापक ने विद्यालय पहुंचकर के विकास कार्यों हेतु सहयोग राशि की प्रदान की। स्थानीय विद्यालय में कार्यरत अध्यापक जगदीप सिंह की प्रेरणा से विद्यालय के विकास हेतु 51,000 रुपए की राशि दानस्वरूप भेंट की, जिस पर विद्यालय परिवार ने उनका स्वागत, अभिनंदन और आभार व्यक्त करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख, दीर्घायु और निरंतर समाजसेवा की कामना की है। इस दौरान प्रधानाचार्य कृष्ण मुरारी सोनी, आशाराम मीणा, जगदीप सिंह, किशन गोपाल, घनश्याम शर्मा, बनवारी लाल नागर, गजानंद स्वामी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू /फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के पौली गेट स्थित सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकतें करने, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करने के आरोप में स्थानीय पुलिस ने एक युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, बुधवार (29 जुलाई) की शाम करीब 7 बजे उप निरीक्षक अमित कुमार शर्मा हमराह पुलिस बल के साथ पौली गेट क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान पौली निवासी फिरोज खान पुत्र फैज मोहम्मद कथित रूप से सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकतें करने लगा। आरोप है कि उसने वहां मौजूद लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किया और अश्लील भाषा का प्रयोग किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी की हरकतों से मौके पर मौजूद आम लोगों, महिलाओं और बच्चों को असुविधा व शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा, जिससे सार्वजनिक शांति एवं व्यवस्था भी प्रभावित हुई। पुलिसकर्मियों ने युवक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद उप निरीक्षक अमित कुमार शर्मा की तहरीर पर खखरेरू थाने में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक जांच शुरू कर दी गई है तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नांगल से चिनायटा को जाने वाले मार्ग में अतिक्रमण एवं जलभराव से राहगीर परेशान

**सूरौठ।** जटवाड़ा ग्राम पंचायत के गांव नांगल से चिनायटा को जाने वाले मार्ग में अतिक्रमण एवं जलभराव होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारियों से रास्ते से अतिक्रमण को हटवा कर मार्ग में सड़क का निर्माण करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि नांगल से चिनायटा गांव को जाने वाले मार्ग में कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर आवागमन अवरूद्ध कर रखा है। इसी तरह रास्ते में लंबे समय से गंदे पानी एवं कीचड़ का जमाव हो रहा है। अतिक्रमण एवं जल भराव की समस्या के चलते जहां आम जन को परेशानी हो रही है वहीं चिनायटा स्थित चामुंडा माता मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह रास्ता नासूर बना हुआ है। अतिक्रमण एवं जलभराव होने के कारण राहगीरों को पास के खेतों में होकर गुजरना पड रहा है। इसी तरह गांव नांगल में परमल्ला की ढाणी से स्कूल को जाने वाले रास्ते में भी अतिक्रमण हो रहा है। जिसकी शिकायत भी ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से की है। आम रास्ते से अतिक्रमण नहीं हटने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि रास्तों से अवैध कब्जों को नहीं हटाया गया तो आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# ब्यावर में आपदा प्रबंधन का पाठ: SDRF ने स्कूली बच्चों को सिखाए जीवन रक्षक गुण

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार ब्यावर।** आपातकालीन स्थितियों और प्राकृतिक/मानव निर्मित आपदाओं से निपटने के उद्देश्य से SDRF की टीम द्वारा ब्यावर के दो प्रमुख विद्यालयों में जन-जागरूकता एवं आपदा सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम SDRF कमांडेंट, जयपुर के निर्देशानुसार SDRF ई कंपनी, ब्यावर की रेस्क्यू टीम ई-03 द्वारा आयोजित किया गया। रेस्क्यू टीम प्रभारी शिवराज एवं सहायक प्रभारी कैलाश चौहान के नेतृत्व में टीम ने राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय (भगत चौराया) तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (नूंदंदरी) में विद्यार्थियों और शिक्षकों को विभिन्न जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

**प्रशिक्षण में सिखाई गईं ये मुख्य तकनीकें**

गैस सिलेंडर सुरक्षा: रसोई गैस (LPG) सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में बिना घबराए सुरक्षित तरीके से आग पर काबू पाने के उपाय बताए गए।

**CPR प्रक्रिया:** अचानक कार्डियक अरेस्ट या सांस रुकने की स्थिति में मरीज की जान बचाने के लिए सही और प्रभावी CPR (कार्डियोपुलमोनरी रिससिटेशन) तकनीक का डिमॉन्स्ट्रेशन दिया गया।

**प्राथमिक चिकित्सा (First Aid):** दुर्घटना या चोट लगने पर अस्पताल पहुंचने से पहले दिए जाने वाले जरूरी फर्स्ट एड की मूलभूत जानकारी दी गई।

जल सुरक्षा एवं बोरवेल बचाव: पानी में डूबते व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने के तरीके तथा खुले बोरवेल से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम व उन्हें सुरक्षित रूप से ढकने के उपायों पर जागरूक किया गया।

**उद्देश्य** SDRF टीम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों और विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन, त्वरित प्रतिक्रिया (Quick Response) और जीवन रक्षा संबंधी कौशल विकसित करना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे घबराने के बजाय समय रहते सही कार्रवाई कर सकें। कार्यक्रम के दौरान स्कूल स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने SDRF टीम द्वारा सिखाई गई तकनीकों को ध्यानपूर्वक समझा और सराहा।

# राजसमंद के सड़क विकास को लेकर सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की महत्वपूर्ण चर्चा

स्मार्ट हलचल



**नई दिल्ली राजसमंद** लोकसभा सांसद महारानी महिमा कुमारी मेवाड़ ने आज केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर राजसमंद लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से जुड़े सड़क अवसंरचना विकास एवं लंबित परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान सांसद ने क्षेत्र की विभिन्न सड़क संबंधी समस्याओं एवं विकास कार्यों से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने सभी प्रस्तावों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही करने तथा उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। बैठक में जिन प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई, उनमें राष्ट्रीय राजमार्ग-758 (भीलवाड़ा-राजसमंद) पर सालमपुरा कट खोलना, हा-58 पर जिला ब्यावर के रजियावास क्षेत्र में नाले का निर्माण, केंद्रीय सड़क निधि (CRIF) योजना के अंतर्गत MDR-201, MDR-483 एवं MDR-484 सड़कों का निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग-758 पर ग्राम कुंवारिया में निर्माणाधीन ओवरब्रिज की लंबाई बढ़ाना, राष्ट्रीय राजमार्ग-162 पर अंडरपास के दोनों ओर सर्विस लेन का निर्माण तथा ग्राम कुंवारिया (जिला राजसमंद) में निर्माणाधीन ओवरब्रिज पर अतिरिक्त अंडरपास का निर्माण शामिल रहे। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि राजसमंद लोकसभा क्षेत्र में मजबूत सड़क नेटवर्क, सुरक्षित यातायात और बेहतर संपर्क सुविधा उनकी प्राथमिकता है। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी तथा आमजन, किसानों, व्यापारियों और यात्रियों को व्यापक लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी का राजसमंद की जनभावनाओं को गंभीरता से सुनने एवं सकारात्मक आश्वासन देने के लिए आभार व्यक्त किया।

### सेवा, संस्कार और नशा मुक्ति का अनूठा संगम

# मां भद्रकाली धाम काटोली में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और सेवा के संग संपन्न

### 1100 बेटियों को सिलवार सूट, हजारों बच्चों को मिली कॉपी-पेन, नशा मुक्ति का दिलाया संकल्प

स्मार्ट हलचल



**निवाई-जयपुर/भरत देवड़वाल ।** टोंक जिले के निवाई उपखंड क्षेत्र के कांटोली गांव स्थित महाभारत कालीन मां भद्रकाली मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सरोकारों के साथ धूमधाम से मनाया गया। पीठाधीश्वर श्रीराम महाराज अघोरी के सानिध्य में आयोजित इस विशाल धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज सुधार, शिक्षा और नशा मुक्ति का सशक्त संदेश भी दिया गया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 1100 बेटियों को सिलवार सूट वितरित किए गए, जबकि हजारों बच्चों को कॉपी और पेन देकर शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इस दौरान श्रीराम महाराज अघोरी ने कहा कि समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है, जब बेटियों को सम्मान, बच्चों को शिक्षा और युवाओं को संस्कार मिलें। उन्होंने संयुक्त परिवार व्यवस्था को भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए सभी से परिवार में प्रेम, सम्मान और एकता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण नशा मुक्ति अभियान रहा। श्रीराम महाराज अघोरी ने उपस्थित हजारों लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे को त्यागकर शिक्षा, सेवा और राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर आगे बढ़ें। बताया गया कि श्रीराम महाराज अघोरी अब तक लाखों लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाकर उन्हें नई जीवन दिशा दे चुके हैं और उनका यह अभियान लगातार आगे बढ़ रहा है। हिंदू परंपरा में गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व माना जाता है। यह पर्व महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है, जिन्हें वेदों के विभाजन और महाभारत जैसे महान ग्रंथ की रचना का श्रेय दिया जाता है। इस दिन शिष्य अपने गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करते हैं तथा उनसे ज्ञान, सदाचार और जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम में विधायक रामसहाय वर्मा, प्रसिद्ध संत प्रकाशदास महाराज (भजन सम्राट), निवाई प्रधान रामावतार लांगडी, भाजपा जिला महामंत्री प्रभू बाड़ोलिया, सीताराम मीणा (निवाई) सहित अनेक जनप्रतिनिधि, संत-महात्मा और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, गुरु वंदना और धार्मिक वातावरण से मां भद्रकाली धाम भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने गुरु का आशीर्वाद लेकर समाज में शिक्षा, सेवा, संस्कार और नशा मुक्त जीवन का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय शीशराम ओला की जयंती मनाई



स्मार्ट हलचल

**ककराना/भरत सिंह कटारिया।** कस्बे में स्थित बस स्टैंड पर बीएसएनएल कार्यालय के पास गुरुवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं स्वर्गीय शीशराम ओलि की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने झुंझुनू जिले के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, सिंचाई और आधारभूत ढांचे के निर्माण में पद्मश्री शीशराम ओला के ऐतिहासिक योगदान को याद किया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि झुंझुनू जिले को पहचान दिलाने व आमजन के कल्याण के लिए ओला द्वारा किए गए कार्य सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। इस दौरान श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में एडवोकेट केसर देव सैनी, राकेश जमालपुरिया, मुबारिक, अनिल सैनी, मनीष सैनी, विजय सैनी, प्रहलाद सैनी, सतनारायण, प्रभु दयाल, बजरंग लाल, विकास, गिरधारी लाल, छितर मल, गणेश कुमार आदि मौजूद थे।

## कनवास क्षेत्र में दर्दनाक हादशा

### जे सी बी में दबने से एक व्यक्ति की मौत

स्मार्ट हलचल



**सांगोद** 30 जुलाई को कनवास क्षेत्र से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है, जहां जेसीबी पलटने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा कनवास के लोढ़ाहेड़ा गांव में गुरुवार को जेसीबी से चल रहे काम के दौरान हुआ,काम के बीच अचानक जेसीबी असंतुलित होकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि जेसीबी के पास बैठे प्रेमशंकर मेहता उसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मदद के लिए दौड़े और जेसीबी चालक को बाहर निकालकर एंबुलेंस की सहायता से कनवास अस्पताल पहुंचाया। चालक के पैर में गंभीर चोट आई है और पैर टूटने की जानकारी सामने आई है। फिलहाल उसका उपचार जारी है। धूलेट चौकी के कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि लोढ़ाहेड़ा निवासी प्रेमशंकर मेहता काम के दौरान जेसीबी के पास आकर बैठा था। तभी अचानक जेसीबी पलट गई और यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है कि आखिर जेसीबी पलटने की वजह क्या रही। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और ग्रामीणों में भी चिंता देखी जा रही है।

## टोंक में सर्व समाज का फूटा आक्रोश: गर्भवती महिला पर जानलेवा हमला और मासूम से दरिंदगी के विरोध में सौंपा ज्ञापन, स्कूल की मान्यता रद्द करने की मांग

स्मार्ट हलचल /रिपोर्टर महेंद्र कुमार सैनी



नगर फोर्ट अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान के तत्वावधान में युवा जिलाध्यक्ष उमेद सिंह चौहान के नेतृत्व में रावणा राजपूत समाज और सर्व समाज के लोगों ने एकजुट होकर उपखंड अधिकारी सुमन गुर्जर को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की। ज्ञापन में दो अत्यंत दुखद एवं निंदनीय घटनाओं पर समाज में व्याप्त भारी आक्रोश का जिक्र किया गया है। पहली घटना सीकर क्षेत्र के सरवड़ी गांव की है जहां एक 6 माह की गर्भवती महिला पर पड़ोसी व्यक्ति द्वारा चाकूबाजी कर गला रेतकर जानलेवा हमला किया गया, वहीं दूसरी जघन्य घटना मकराना परबतसर के सेंट कॉन्वेंट स्कूल में घटित हुई जहां 3 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि दोनों घटनाओं के दोषियों के खिलाफ शीघ्र अति शीघ्र सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, घटना में शामिल मकराना के सेंट कॉन्वेंट स्कूल की मान्यता को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए और पीड़ित परिवारों को सुरक्षा एवं न्याय प्रदान किया जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि प्रशासन द्वारा समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो समस्त समाज को साथ लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान रावणा राजपूत समाज युवा जिला अध्यक्ष उम्मेद सिंह चौहान, उनियारा शहर अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, अक्षराज सिंह पवार, नरेंद्र सिंह हाडा, विक्रम सिंह पवार, शैलेंद्र सिंह, शेर सिंह, युवा भाजपा नेता पिंटू साहू, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, पूर्व एसएचओ बाबू सिंह भाटी, रविराज सिंह, राधेश्याम खारोल, शिवराज सिंह, पदम सिंह सहित सर्व समाज के कई लोग उपस्थित थे।

# कार्बन रजिस्ट्री इंडिया के अंतर्गत पिपलंत्री वृक्षारोपण परियोजना का दो दिवसीय वैलिडेशन संपन्न

स्मार्ट हलचल



**उदयपुर/पिपलांत्री।** वीकेयू सरटीफिकेशन प्रा लि द्वारा कार्बन रजिस्ट्री इंडिया (CRI) के अंतर्गत पंजीकरण हेतु पिपलांत्री ट्री प्लांटेशन प्रोजेक्ट का दो दिवसीय ऑन-साइट वैलिडेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। ऑनसाइट वेरिफिकेशन के दौरान कार्बन क्रेडिट पॉइंट हेतु चयनित विभिन्न वृक्षारोपण स्थलों का सैंपल प्लॉट पद्धति द्वारा पौधों की प्रजाति वार गणना कर भौतिक सत्यापन किया गया। साथ ही ऑडिट टीम द्वारा उपलब्ध अभिलेखों एवं उपलब्ध डाटा के आधार पर पूर्व में प्रेषित कार्बन क्रेडिट प्रस्ताव को जांचा गया। वैलिडेशन के दौरान परियोजना दस्तावेजों की समीक्षा, हितधारकों से संवाद, परियोजना क्षेत्र का निरीक्षण, जीआईएस एवं परियोजना सीमा का सत्यापन, मॉनिटरिंग प्रणाली का मूल्यांकन तथा प्रतिनिधि वृक्षारोपण क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया जहां चंदन, जामुन, शीशम, सीताफल, अंजीर, आम, नीम सहित विभिन्न स्थानीय प्रजातियाँ सम्मिलित थीं। मौके पर डाले गए सैंपल प्लॉट के निरीक्षण के दौरान पौधों की प्रजातियां , वर्तमान स्थिति, घनत्व तथा परियोजना के लाभों से स्थानीय जनता को अवगत कराया। परियोजना दस्तावेजों की समीक्षा , हित धारकों के साथ साक्षात्कार , परियोजना क्षेत्र का निरीक्षण तथा उपलब्ध अभिलेखों का सत्यापन किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल ने पंचायत पिपलांत्री में कार्बन क्रेडिट परियोजना की अवधारणा एवं क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए वैलिडेशन टीम को परियोजना क्षेत्र का विस्तृत भ्रमण कराया। बैठक में ग्रीन पीपल समिति के सदस्य सुहेल मजबूर ने कार्बन क्रेडिट परियोजना के प्रबंधन , ग्राम पंचायत स्तर पर वांछित रिकॉर्ड संधारण , स्थानीय समुदाय से पौधों के संरक्षण एवं उनके रखरखाव पर तकनीकी बिंदुओं पर चर्चा की । उन्होंने पिपलांत्री में कराए गए जल संरक्षण कार्यो पर विशेष प्रकाश डालते हुए बताया कि जल संरक्षण हेतु इस पंचायत में विभिन्न स्तर पर चेक डैम एवं एनिकट बनाए गए हैं जिनके प्रभाव से भूजल स्तर में अच्छी बढ़ोतरी हुई है । तथा मोरवाड़ ग्राम में जहां पिछले वर्षों तक टैंकरों से ग्राम वासियों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा था अब वहां बनाई गयी जल संरक्षण संरचनाओं से कुओं का भू जलस्तर बढ़ गया है जिससे इस वर्ष एक भी टैंकर पानी का इस ग्राम में किराए पर नहीं लिया गया है जोकि पर्यावरण सुधार में बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस वर्ष भी पीपलांतरी पंचायत में जल संरक्षण हेतु विभिन्न स्थलों पर जल एवं मृदा संरक्षण संरचनाओं का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर ग्रीन पीपल समिति के प्रो इन्द्रजीत माथुर, प्रताप सिंह , जगमाल सिंह एवं टेराब्लू क्लाइमेट टेक्नोलॉजीज़ प्रा. लि. से प्रदीप मोटवानी एवं आशीष प्रकाश, तथा वीकेयू सर्टिफिकेशन की ओर से निहारिका कौशिक (टीम लीडर), बरुण शर्मा (तकनीकी विशेषज्ञ), कोमल यादव एवं राधिका गुसाईं उपस्थित रहे। समापन बैठक में वैलिडेशन टीम ने दो दिवसीय गतिविधियों का सार प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया कि अंतिम वैलिडेशन निष्कर्ष आवश्यक तकनीकी समीक्षा एवं उपलब्ध कराए जाने वाले अतिरिक्त साक्ष्यों के परीक्षण के उपरांत जारी किए जाएंगे।

## श्री जीव दया सेवा संस्था ने 7 अवैध कैद कछुओं को कराया मुक्त, अब तक 24 वन्यजीव वन विभाग को सौंपे

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार ब्यावर।** वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय 'श्री जीव दया सेवा संस्था' ने एक बार फिर सराहनीय पहल करते हुए गुरुवार को ब्यावर शहर के विभिन्न घरों से अवैध रूप से कैद कर रखे गए 7 जंगली कछुओं को रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के तुरंत बाद संस्था के पदाधिकारियों ने कछुओं को सुरक्षित वन विभाग के सुपुर्द कर दिया, जहाँ से उन्हें उनके प्राकृतिक आवास (जल निकायों) में छोड़ा जाएगा। संस्था द्वारा अब तक कुल 24 जंगली कछुओं को रेस्क्यू कर सुरक्षित वन विभाग को सौंपा जा चुका है।

**प्राकृतिक संतुलन और प्रजनन पर पड़ता है बुरा असर**

मामले की जानकारी देते हुए संस्था के सचिव कपिल सेन ने बताया कि आजकल लोगों में जंगली कछुओं को घरों में पालने की गलत प्रवृत्ति बढ़ रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कछुओं का असली घर जंगल, तालाब, झील, नदियाँ और पहाड़ी जलाशय हैं। जब इन्हें प्रकृति से दूर घरों में कैद रखा जाता है, तो इनका प्राकृतिक प्रजनन रुक जाता है, जिससे इनकी प्रजाति के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगता है और पर्यावरणीय संतुलन भी बिगड़ता है।

**कानूनी चेतावनी: घर में कछुआ रखना दंडनीय अपराध**

सचिव कपिल सेन ने कानून की जानकारी देते हुए बताया कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 (Wild Life Protection Act, 1972) के तहत संरक्षित वन्यजीवों को पकड़ना, पालना, खरीदना, बेचना या बिना अनुमति घर में रखना गैर-कानूनी है। ऐसा करने पर संबंधित अनुसूची के आधार पर कठोर दंड, जुर्माना तथा कारावास का प्रावधान है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि किसी के पास या आसपास कछुआ दिखे, तो उसे घर में रखने के बजाय तुरंत वन विभाग या संस्था को सूचित करें।

**अभियान में ये रहे मौजूद**

कछुओं को वन विभाग के सुपुर्द करते समय संस्था अध्यक्ष लालचंद साँखला, संस्था कोषाध्यक्ष डी. के. जैन, प्रचार-प्रसार मंत्री व बजरंग दल जिला संयोजक नारायण सिंह गणेशपुरा, राहुल सेन, भरत सिंह, वैभव सांखला, दक्षित तथा पुखराज सहित कई वन्यजीव प्रेमी उपस्थित रहे। संस्था ने संकल्प जताया है कि भविष्य में भी वन विभाग के सहयोग से वन्यजीव संरक्षण एवं जन-जागरूकता अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## फोन कॉल पर सैकड़ों महिलाओं ने कराया मुंडन, सरकारी योजना के नाम पर पाखंड

सलेम (एजेंसी)। तमिलनाडु में सरकारी योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने सैकड़ों महिलाओं से मुंडन करवा दिया। ठगों ने खुद को तहसीलदार बताकर फोन किया। साइबर ठगों ने दावा किया,सरकार मुंडन कराने वाली महिलाओं को 15,000 रुपये, पुरुषों को 6,000 तथा कॉलेज की छात्राओं को 45,000 रुपये की विशेष सहायता राशि दे रही है।योजना का लाभ पाने के लिए पहले मुंडन कराकर फोटो और दस्तावेज भेजने की बात कही गई। सरकारी अधिकारी के नाम पर आए फोन पर विश्वास कर बड़ी संख्या में लोगों ने मुंडन करा लिया।बाद में जब तहसील कार्यालय में योजना की जानकारी ली गई। पता चला कि ऐसी कोई सरकारी योजना अस्तित्व में ही नहीं है।प्रशासन ने लोगों से अपील की है, किसी भी सरकारी योजना की जानकारी केवल आधिकारिक माध्यमों से सत्यापित करें.ऐसे भ्रामक फोन कॉल से सावधान रहें।

## तमिलनाडु के स्कूलों में बच्चों को मिलेगी चिकन बिरयानी, विजय सरकार कर रही विचार

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के सीएम थलपति विजय जल्द ही स्कूली बच्चों को बड़ा तोहफा दे सकते हैं।चर्चा है कि विजय सरकार स्कूली बच्चों को हर हफ्ते चिकन बिरयानी देने की तैयारी कर रही है।इस मामले में एक प्रस्ताव पर समीक्षा की जा रही है और जल्द ही इसे धरातल पर उतारा जा सकता है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस योजना को लागू करने के लिए तमिलनाडु की स्कूली पोषण योजना में बदलाव किया जाएगा।नए बदलावों में सरकारी स्कूलों के छात्रों को हफ्ते में एक दिन चिकन बिरयानी देने का प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री राजमोहन ने बीते दिनों यह विचार सीएम विजय के सामने रखा।रिपोर्ट के मुताबिक प्रस्ताव पर बात करते हुए स्कूली शिक्षा मंत्री राजमोहन ने तमिलनाडु के सियासी इतिहास और बच्चों के लिए पूर्व में मौजूद पोषण कार्यक्रमों का जिक्र किया।राजमोहन ने कहा कि के कामराज ने मिड–डे मील योजना की शुरुआत की, कलाईग्नार करुणानिधि ने इसमें अंडे जोड़े, एमजीआर ने इसे न्यूट्रिशियस मील प्रोग्राम में बदला और जयललिता ने पूरे हफ्ते अंडे बांटने की व्यवस्था की।इसी तरह मेरी भी इच्छा है कि हमारी सरकार के तहत सरकारी स्कूलों में हफ्ते में एक दिन छात्रों को चिकन बिरयानी दी जाए।रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि सीएम विजय इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहे हैं और अंतिम फैसला लिया जाना बाकी है।

## जिस वर्ग को कॉकरोच कहकर अपमानित किया, वे जेन–जी युवा हैं : उद्धव ठाकरे



मुंबई (एजेंसी)।शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने जेन–जी और खासकर कॉकरोच की तुलना छत्रपति शिवाजी महाराज से की है।उन्होंने कहा कि जिस तरह आज की नई पीढ़ी को कॉकरोच कहकर खारिज किया जा रहा है, ठीक उसी तरह मुगलों ने भी मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज को चूहा कहा था।उद्धव ने कहा कि यदि युवाओं को कॉकरोच कहा जाएगा, तो उनका नाराज होना स्वाभाविक है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई में एक कार्यक्रम में पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा कि लगभग 13 से 28 साल की आयु वाले जिस वर्ग को कॉकरोच कहकर अपमानित किया गया, वे वास्तव में जेन–जी श्रेणी के युवा हैं।उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज भी केवल 17 साल के थे जब उन्होंने तोरणा किला जीता था और संत ज्ञानेश्वर ने भी बेहद कम उम्र में ज्ञानेश्वरी की रचना की थी।उद्धव ने आगे कहा कि जिन्हें कॉकरोच कहकर अपमानित किया गया, वे उसी वर्ग से आते हैं जिसे अब हम जनरेशन जी कहते हैं, जिनकी उम्र करीब 13–14 से 27–28 साला के बीच है।उद्धव ठाकरे ने कहा कि आवाज उठाने और अन्याय के खिलाफ बोलने पर आज के युवाओं को छोटा या कमतर नहीं आंका जाना चाहिए।बता दें उद्धव ठाकरे का यह बयान ऐसे समय में आया है जब संसद के चल रहे मॉनसून सत्र में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने भाषणों के दौरान जेन–जी की शब्द और स्लैंग्स का खुलकर इस्तेमाल कर रहे हैं।केंद्र सरकार के सुधारों का बचाव करने वाले सत्ता पक्ष के सदस्यों से लेकर नीट विवाद पर सरकार को घेरने वाले विपक्षी सांसदों तक सभी ने सोशल मीडिया पर मशहूर इन शब्दों का बहसों में इस्तेमाल किया है।उद्धव ठाकरे ने लोकसभा सदस्यों की संख्या बढ़ाने से जुड़े प्रस्तावित विधेयक के औचित्य पर सवाल उठाते हुए उद्धव ने आरोप लगाया कि इस विधेयक के समर्थन के लिए सांसदों को अपनी ओर किया जा रहा है। उद्धव का इशारा पिछले महीने शिवसेना (यूबीटी) के छह लोकसभा सदस्यों के एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना में शामिल होने के घटनाक्रम की ओर था।उद्धव ने कहा कि सांसदों की संख्या बढ़ाने के बजाय रोजगार के अवसर बढ़ाइए।उन्होंने सवाल किया कि यदि मौजूदा 550 सांसदों को ही सदन में बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं मिलता है, तो 850 सांसदों को बोलने का समय कैसे मिलेगा।उन्होंने नीट पेपर लीक मामले को लेकर हुए छात्र आंदोलन और तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करने वाले युवाओं की तारीफ की।उद्धव ने कहा कि जब सभी को लगने लगा था कि लोकतंत्र खत्म हो गया है, तब युवाओं ने अपने आंदोलन के जरिये उसमें नई जान डाल दी।

# सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर कराने को लेकर रेसा वीपी द्वारा जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**उदयपुर** जिले के उप प्राचार्यों के संगठन रेसा रेसा वीपी द्वारा आज जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रेसा वीपी उदयपुर जिला अध्यक्ष डॉ इन्द्रजीत सिंह राणा ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा वरिष्ठता से संबंधित याचिकाओं में पारित निर्णय के फलस्वरूप माध्यमिक शिक्षा विभाग में पदोन्नति एवं पदस्थापन व्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ने की संभावना उत्पन्न हो गई है। इस निर्णय से प्रदेश के लगभग 11,000 से अधिक उप प्राचार्य, व्याख्याता एवं अन्य कार्मिक प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्य रूप से प्रभावित हो सकते हैं। जिला महामंत्री डॉ देवी लाल गर्ग ने बताया वर्तमान में कार्यरत उप प्राचार्यों ने विभागीय नियमों एवं वैधानिक प्रक्रियाओं के अनुरूप पदोन्नती प्राप्त कर अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। इन पदोन्नतियों एवं पदस्थापनों में संबंधित कार्मिक की कोई व्यक्तिगत त्रुटि या दोष नहीं है। ऐसे में यदि उक्त निर्णय के आधार पर सेवा स्थितियों परिवर्तन किया जाता है तो इससे हजारों कर्मचारियों के सेवा अधिकार, वरिष्ठता, पदस्थापन प्रशासनिक स्थिरता एवं शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इस संबंध में राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद (उप प्राचार्य) द्वारा राज्य सरकार से राजस्थान उच्च न्यायालय के उक्त निर्णय के विरुद्ध माननीय सर्वोच्च न्यायालय में तत्काल विशेष अनुमति याचिका (एस एल पी) दायर की जाए।साथ ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय से अंतिम निर्णय होने तक अंतरिम स्थगन अथवा यथास्थिति बनाए रखने का प्रभावी अनुरोध किया जाए, ताकि वर्तमान में कार्यरत उप प्राचार्यों एवं अन्य प्रभावित कार्मिकों के सेवा हित सुरक्षित रह सकें। इसी क्रम में पूर्व में विधिसम्मत रूप से संपन्न पदोन्नति एवं पदस्थापन प्रक्रियाओं से अर्जित सेवा अधिकारों, वरिष्ठता एवं प्रशासनिक निरंतरता का पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इस विषय में कोई भी प्रशासनिक निर्णय लेने से पूर्व सभी विधिक, संवैधानिक एवं प्रशासनिक पहलुओं का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करते हुए कर्मचारी हितों एवं शिक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों का समुचित मूल्यांकन किया जाए। इसके अतिरिक्त अन्य मांगे की भी की गई है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण सोमपुरा अध्यक्ष डॉ इंद्रजीत सिंह राणा,महामंत्री डॉ देवीलाल गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश कुमार आहारी, कोषाध्यक्ष दीपक मंत्री, महिला मंत्री प्रमिला पगारिया , ज़िला प्रवक्ता राजेंद्र भूखिया,महिला उपाध्यक्ष मीरा फ़नात,देवेंद्र मेनारिया,पुष्पेंद्र चौबीसा,प्रीति गौड, सोमना गोयल दीपक मंत्री कोषाध्यक्ष, जयदीप मेहता, महेंद्र ओदिच्या, पुष्पेंद्र कुमार चौबीस, प्रभु लाल खटीक, कैलाश सारडा, प्रवीण आदिच्य, मनीष जैन, जितेंद्र मेहता, राहुल पालीवाल, देवेंद्र मेनारिया, प्रद्युम्न सिंह शक्तावत, चंद्र प्रकाश जैन, यशवंत चुंडावत, सविता झगड़ावत, सोनल जैन, पूजा गहलोत, गरिमा सिसोदिया, मोतीलाल मेघवाल, जतिन कुमार जोशी, फारूक मोहम्मद, मुकेश शर्मा, प्रभावती शर्मा, राजेंद्र सिंह झाला, संदीप तवार, हरीश तलेश्वरा, वनिता नागदा, शिवलाल भील, राजेश कुमार भील, नवीन परमार, अमरचंद मीणा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती से नाराज किसानों ने पावर हाउस का घेराव किया, सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल



**खखरेरू /फतेहपुर** क्षेत्र में लो वोल्टेज, अघोषित विद्युत कटौती और बिजली व्यवस्था की बदहाली से नाराज भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के सैकड़ों किसानों ने गुरुवार को खखरेरू स्थित विद्युत उपकेंद्र (पावर हाउस) का घेराव कर विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण नहीं किया गया तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती के कारण सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पर्याप्त वोल्टेज न मिलने से किसानों के स्टार्टर, मोटर और ट्रांसफार्मर बार-बार खराब हो रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने इसके लिए विद्युत विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। ज्ञापन में किसानों ने यह भी कहा कि हाल ही में पावर हाउस से खींची गई नई विद्युत लाइन में लगाए गए तार काफी कमजोर हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। किसानों ने इन तारों को सुरक्षित तरीके से व्यवस्थित कर सड़क से दूर कराने की मांग की। इसके अलावा शासन द्वारा निर्धारित समय के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के ब्लॉक अध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि यदि विभाग ने जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया तो संगठन रक्षपालपुर-कोट मार्ग पर करीब 500 ट्रैक्टरों और हजारों किसानों के साथ चक्का जाम कर व्यापक आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। प्रदर्शन के दौरान तहसील प्रभारी कुलदीप सिंह, धीरेंद्र, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह, शीतल प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, दशरथ पटेल, बाबूलाल, सुखराम, मनजीत, श्रीराम पटेल, खेलावन, राकेश सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### भारत-नेपाल बॉर्डर पर यूरिया तस्करी का खेल

## किसान परेशान, तस्करों की बल्ले-बल्ले आखिर किसके संरक्षण में चल रहा कारोबार...

स्मार्ट हलचल

**तिकुनियां खीरी।** भारत-नेपाल सीमा से सटे तिकुनियां क्षेत्र में इन दिनों यूरिया खाद की कथित तस्करी धड़ल्ले से जारी होने की चर्चाएं तेज हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछले करीब एक महीने से सीमा पार नेपाल में यूरिया की खेप लगातार भेजी जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक इस पर प्रभावी रोक लगाने में नाकाम साबित हुआ है। विडंबना यह है कि एक ओर क्षेत्र के किसान अपनी खेती के लिए यूरिया खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं, जबकि दूसरी ओर तस्करों को कथित रूप से पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो रही है। इससे पूरे क्षेत्र में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर तस्करी के लिए इतनी बड़ी मात्रा में यूरिया कहां से पहुंच रही है? सूत्रों का दावा है कि निबौरिया क्षेत्र की एक खाद दुकान से निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर यूरिया बेचे जाने की चर्चा है। आरोप है कि इसी खाद को खरीदकर नेपाल सीमा के रास्ते तस्करी के जरिए भेजा जा रहा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यदि समय रहते इस कथित तस्करी पर अंकुश नहीं लगाया गया तो किसानों को खाद संकट का और अधिक सामना करना पड़ सकता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी के लिए कई विभाग सक्रिय हैं, तब भी कथित तस्करी का यह सिलसिला कैसे जारी है? क्षेत्र में चर्चा है कि लगातार हो रही इस कथित तस्करी के बावजूद अब तक किसी भी खाद विक्रेता के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। इससे जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। अब किसानों और स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन, कृषि विभाग तथा संबंधित जांच एजेंसियां पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें, ताकि किसानों को समय पर खाद मिल सके और सीमा पार होने वाली कथित तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## नड्डा संग टीएमसी नेताओं ने किया भोजन शत्रुघ्न सिन्हा पर टिकी नजर



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक तस्वीर ने इन दिनों नई बहस छेड़ दी है, जिससे ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। संसद परिसर में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के साथ टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा और सौगत रॉय की मौजूदगी को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। दोनों वरिष्ठ टीएमसी नेताओं का नड्डा के साथ बातचीत करना और भोजन करते हुए तस्वीर सामने आना, राजनीतिक अटकलों को तेज़ कर गया है, हालांकि इस मुलाकात के पीछे के वास्तविक कारणों पर अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।दरअसल, संसद के एनेक्सी भवन में बुधवार को क्षय रोग (टीबी) से जुड़े एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें पश्चिम बंगाल के कई सांसद शामिल हुए। इसी दौरान एक ऐसा क्षण कैमरे में कैद हो गया, जब बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा और अनुभवी सांसद सौगत रॉय एक ही जगह पर, एक ही मेज पर बैठे नजर आए।

यह तस्वीर सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में चर्चा का सबसे बड़ा विषय बन गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान शत्रुघ्न सिन्हा ने जेपी नड्डा से काफी देर तक बातचीत की। उसी मेज पर सौगत रॉय भी बैठे हुए थे और भोजन कर रहे थे। हालांकि, इन तीनों नेताओं के बीच आखिर क्या बातचीत हुई, इसकी कोई भी आधिकारिक या अनौपचारिक जानकारी अब तक सामने नहीं आई है, और यही चुप्पी राजनीतिक अटकलों को और भी ज़्यादा गहरा कर रही है। बाद में एक और तस्वीर सामने आई, जिसमें जेपी नड्डा भोजन करते दिख रहे थे जबकि सौगत रॉय उनके सामने खड़े दिखाई दिए। इन तस्वीरों के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर भी कई तरह के दावे किए जाने लगे। कुछ लोग इसे सांसदों के बीच एक सामान्य संसदीय मुलाकात बता रहे हैं, तो वहीं कई राजनीतिक विश्लेषक इसे बदलते राजनीतिक समीकरणों और टीएमसी के भीतर संभावित असंतोष से जोड़कर देख रहे हैं। यह चर्चा ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिम बंगाल की राजनीति में टीएमसी को लेकर पहले से ही कई तरह की बातें चल रही हैं। हाल के दिनों में पार्टी के कई नेताओं और सांसदों ने पाला बदला है, जिससे ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी पहले से ही मुश्किल दौर से गुज़र रही है। ऐसे में इस नई तस्वीर ने पार्टी के भविष्य को लेकर नई अटकलों को जन्म दे दिया है।

रिपोर्टों के अनुसार, संसद के मानसून सत्र से पहले संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एनसीपीआई (नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्लियामेंटेरियंस फॉर इंडिया) को सर्वदलीय बैठक में शामिल होने का निमंत्रण दिया था। बाद में एनडीए की बैठक में भी उनके नेताओं की मौजूदगी चर्चा का विषय बनी। इसी बीच अब शत्रुघ्न सिन्हा और सौगत रॉय की जेपी नड्डा के साथ तस्वीर सामने आने से राजनीतिक चर्चाओं को और बल मिल गया है। अब तक न तो टीएमसी, न बीजेपी, न ही शत्रुघ्न सिन्हा या सौगत रॉय की ओर से इस मुलाकात पर कोई आधिकारिक बयान या स्पष्टीकरण जारी किया गया है। यही कारण है कि इस तस्वीर को लेकर केवल कयास ही लगाए जा रहे हैं। क्या यह केवल एक सामान्य संसदीय शिष्टाचार भेंट थी, या इसके पीछे कोई गहरा राजनीतिक संदेश छिपा है, इसका जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है और यह सवाल पश्चिम बंगाल की राजनीति में आने वाले समय में नई हलचल पैदा कर सकता है।

## बांकीपुर उपचुनाव के बीच हाई–वोल्टेज ड्रामा, प्रशांत किशोर की एसएचओ को चेतावनी

**समर्थकों को अवैध हिरासत में लेने का आरोप, जक्कनपुर थाने में घंटों चला विवाद**



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए गुरुवार सुबह मतदान शुरू होते ही राजनीतिक माहौल गर्म हो गया। जन सुराज के संस्थापक और बांकीपुर से उम्मीदवार प्रशांत किशोर ने जक्कनपुर थाना प्रभारी (एसएचओ) ऋतुराज कुमार सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। इस दौरान थाने में प्रशांत किशोर और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली।

प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा के दबाव में पुलिस ने उनके दो समर्थकों को गैरकानूनी तरीके से हिरासत में लिया और बाद में उन्हें कहीं और भेज दिया। उन्होंने दावा किया कि पुलिस यह बताने में भी असमर्थ है कि दोनों लोगों को कहां रखा गया है। उनका कहना था कि यदि समर्थकों को किसी प्रकार की क्षति पहुंची तो इसकी जिम्मेदारी जक्कनपुर थाना प्रभारी ऋतुराज कुमार सिंह की होगी। मीडिया से बातचीत में प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार की जनता पूरी घटना देख रही है और यदि समर्थकों के साथ कोई अनहोनी होती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस बिना रिकॉर्ड और स्पष्ट आदेश के कार्रवाई कर रही है तथा अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं हो रही है।

घटना के बाद प्रशांत किशोर अपने समर्थकों की रिहाई की मांग को लेकर जक्कनपुर थाने में ही डटे रहे। इस दौरान सामने आए वीडियो में वह थाना प्रभारी से लगातार सवाल करते नजर आए। जवाब में एसएचओ ऋतुराज कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने उपलब्ध जानकारी दे दी है और उन्हें थाने में बैठकर धमकाया जा रहा है। विवाद के दौरान थाना प्रभारी का एक बयान भी चर्चा का विषय बन गया। उन्होंने कहा, आप इसलिए धमकी दे रहे हैं क्योंकि हम वर्दी में हैं। अगर वर्दी उतार देंगे तो आपके बराबर में आ जाएंगे। वहीं, जब मीडिया ने हिरासत में लिए गए लोगों के बारे में जानकारी मांगी तो उन्होंने संक्षिप्त जवाब देते हुए कहा, आप लोग अपनी ड्यूटी कर रहे हैं और हम अपनी ड्यूटी कर रहे हैं।

# छोटी काशी में सावन मेले को लेकर स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट, 24 घंटे मुस्तैद रहेंगी मेडिकल टीमें और एंबुलेंस

***लाखों शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम, कांवड़ मार्ग से लेकर प्रमुख शिव मंदिरों तक स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत नेटवर्क तैयार***

स्मार्ट हलचल



**गोला** गोकरणनाथ खीरी। छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकरणनाथ में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक सावन मेले और कांवड़ यात्रा को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियां अंतिम रूप दे दी हैं। हर वर्ष सावन माह में गोला गोकरणनाथ सहित जिले के विभिन्न शिवालयों में लाखों की संख्या में श्रद्धालु और कांवड़िए जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की इसी भारी भीड़ को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने इस बार चिकित्सा व्यवस्थाओं का विशेष खाका तैयार किया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता के निर्देश पर पूरे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत किया गया है। सावन मेले के दौरान चिकित्सा व्यवस्थाओं की निगरानी एवं संचालन की जिम्मेदारी सीएचसी अधीक्षक डॉ. मयंक सिंह को सौंपी गई है। वहीं डॉ. प्रमोद वर्मा को नोडल अधिकारी तथा डॉ. प्रमोद रावत को सह-नोडल अधिकारी बनाया गया है। दोनों अधिकारी मेले के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की सतत निगरानी करेंगे और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित निर्णय सुनिश्चित करेंगे। मेला परिसर में स्थापित स्वास्थ्य शिविरों में चिकित्सकों, फार्मासिस्टों, स्टाफ नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की रोस्टरवार 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है। शिविरों में प्राथमिक उपचार से लेकर आपातकालीन चिकित्सा तक की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। विभाग ने जीवनरक्षक दवाओं, ओआरएस पैकेट, दर्द निवारक दवाओं, बैंडेज, इंजेक्शन, ग्लूकोज, ऑक्सीजन सिलेंडर और अन्य आवश्यक चिकित्सा उपकरणों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि गर्मी, थकान, डिहाइड्रेशन, भीड़ में बेहोशी, दुर्घटना अथवा अन्य आकस्मिक परिस्थितियों में श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सिर्फ मेला परिसर ही नहीं, बल्कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर भी स्वास्थ्य विभाग ने विशेष व्यवस्था की है। ऐरा पुल, सिलौटा चौराहा, एलआरपी चौराहा, फरधान, लीलेटीनाथ मंदिर, शारदानगर, संसारपुर, बिजुआ, गोमती मोड़ तिराहा (मोहम्मदी रोड), वास्ता चौराहा, टेड़ेनाथ मंदिर, नकहा और खमरिया सहित प्रमुख स्थानों पर रोस्टर के अनुसार 24 घंटे स्वास्थ्य टीमें और एंबुलेंस तैनात रहेंगी। इन स्थानों पर डॉक्टर, फार्मासिस्ट और स्वास्थ्य कर्मी हर समय उपलब्ध रहेंगे, ताकि यात्रा के दौरान किसी श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ने पर तत्काल इलाज मिल सके। गोला गोकरणनाथ मंदिर परिसर, रिलायंस पेट्रोल पंप चेक पोस्ट तथा कंजा चेक पोस्ट पर भी डॉक्टरों, आयुष फार्मासिस्टों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। इन स्थानों पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को आवश्यकता पड़ने पर तुरंत प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने आपातकालीन चिकित्सा सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 108 एंबुलेंस की विशेष तैनाती की है। गोला गोकरणनाथ के नीलकंठ मैदान, रिलायंस पेट्रोल पंप और कंजा चौक पर प्रत्येक सावन सोमवार एवं प्रमुख पर्वों पर एंबुलेंस उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा लखीमपुर के लीलेटीनाथ मंदिर, मोहम्मदी के टेड़ेनाथ शिव मंदिर, देउकली मंदिर, सिरैया चौराहा, एलआरपी और शारदानगर में भी 108 एंबुलेंस तैनात रहेंगी, जिससे किसी भी गंभीर मरीज को तत्काल उच्च चिकित्सा केंद्र तक पहुंचाया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, भीड़ में धैर्य बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर निकटतम स्वास्थ्य शिविर या एंबुलेंस कर्मियों से तुरंत संपर्क करें। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि सावन मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, त्वरित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि इस बार सावन मेले में चिकित्सा व्यवस्थाओं को पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित और सुदृढ़ बनाया गया है, जिससे लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य का बेहतर ढंग से ध्यान रखा जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान में पुलिसकर्मियों की हत्या, दोषियों को फांसी

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में मंगलवार को राज्य मीडिया ने बताया कि जनवरी के विरोध प्रदर्शनों के दौरान चार पुलिस अधिकारियों की हत्या के आरोप में दो पुरुषों को फांसी दी गई। न्यायपालिका से संबद्ध मीजानऑनलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, उनकी पहचान अबुलफजल सेपाही बदजानी और अमीर हुसैन सफारी हुसैनाबादी के रूप में हुई है। इन पर इस्फ़हान शहर में एक पुलिस स्टेशन में आग लगाने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी आरोप था। इस्फ़हान राजधानी तेहरान से करीब 400 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। ये दोनों जनवरी में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान गिरफ्तार किए गए हजारों लोगों में से थे। अधिकार समूहों का कहना है कि और भी लोगों को मौत की सजा मिल सकती है। दिसंबर के अंत में शुरू हुए ये विरोध प्रदर्शन जनवरी तक चले, जिन पर सुरक्षा बलों ने कड़ी कार्रवाई की थी। इससे पहले जुलाई में भी ईरान ने इसी मामले में दो अन्य पुरुषों को फांसी दी थी। ईरान के अनुसार विरोध प्रदर्शनों में 3,000 से अधिक लोग मारे गए, जबकि अधिकार समूह यह संख्या 7,000 से अधिक बताते हैं।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघन : ब्रैडफोर्ड में कश्मीरी कार्यकर्ताओं का विरोध

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** ब्रिटेन के ब्रैडफोर्ड में पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास के बाहर कश्मीरी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर (पीओजेके) में पाकिस्तान के अत्याचारों और मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ था। प्रदर्शनकारियों ने पीओजेके के रावलकोट और मीरपुर में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में हुई मौतों पर चिंता जताई। पिछले दो दिनों में कई लोग बुनियादी अधिकारों की मांग करते हुए मारे गए। यह विरोध 52 दिन के आंदोलन के दौरान बढ़ा। प्रदर्शनकारी बंदियों की रिहाई और मामले वापस लेने की मांग कर रहे थे। सोमवार को जॉइंट आवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) और अधिकारियों के बीच बातचीत विफल हुई। जेएएसी ने 27 जुलाई को दोपहर 1 बजे तक मांगों की स्वीकृति की समय सीमा दी। समझौता न होने पर हजारों लोग रावलकोट से मुजफ्फराबाद की ओर मार्च करने लगे। इसके बाद पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की।

### टैरिफ से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान नहीं होगा, इससे अरबों डॉलर का निवेश आएगा : ट्रंप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि जबरन श्रम (फोर्स्ड लेबर) से जुड़े उत्पादों पर लगाए गए नए टैरिफ से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को कोई नुकसान नहीं होगा। उनका कहना है कि इन टैरिफ के कारण देश में सैकड़ों अरब डॉलर का निवेश आएगा। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा कि इस साल की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) के तहत लगाए गए शुल्क को रद्द किए जाने के बाद फोर्स्ड लेबर टैरिफ उसी उद्देश्य को हासिल करने का दूसरा तरीका है। अर्थव्यवस्था पर हाल में लगाए गए टैरिफ के असर को लेकर पूछे गए सवाल पर ट्रंप ने कहा, 'नहीं, क्योंकि इससे सैकड़ों अरब डॉलर आ रहे हैं।' पिछले सप्ताह अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव) ने व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 301 के तहत 60 देशों पर 10 प्रतिशत से लेकर 12.5 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया था। अमेरिका का कहना है कि इन देशों ने जबरन श्रम से तैयार वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया। ट्रंप ने कहा, 'नहीं, नहीं, टैरिफ को लेकर अफसोस सिर्फ इतना है कि मुझे इसे लागू करने के लिए कठिन रास्ता अपनाना पड़ा, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने बहुत करीबी फैसले में मेरे खिलाफ फैसला दिया।' उन्होंने कहा, 'अब मेरे पास वही काम करने के दूसरे तरीके हैं, लेकिन वे अधिक जटिल हैं। हालांकि, टैरिफ ने इस देश को बहुत संपन्न बनाया है। इसने अमेरिका को समृद्ध किया है।' ट्रंप ने दावा किया कि टैरिफ लगाने की चेतावनी से आठ में से पांच संघर्ष रुक गए, जिनमें पिछले वर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ संघर्ष भी शामिल है।

### म्यांमार में आम नागरिकों पर बढ़े हमले

**नेपीडॉ, एजेंसी।** म्यांमार में नए सैन्य नेतृत्व के आने के बाद आम नागरिकों पर हमले तेज हो गए हैं। एक्लेड की रिपोर्ट के अनुसार, नए सैन्य प्रमुख ये विन ओ के पद संभालने के बाद से सैन्य दमन और हवाई हमले बढ़े हैं। जेट फाइटर विमानों द्वारा टारगेट्स पर बार–बार बमबारी की जा रही है। यह बदलाव तख्तापलट करने वाले नेता मिन आंग ह्लाइंग के राष्ट्रपति बनने से ठीक पहले सेना कमान में फेरबदल के बाद हुआ है। वर्ष 2026 की पहली छमाही में 12 से अधिक सामूहिक हत्याओं में 450 से अधिक नागरिक मारे गए हैं। इनमें से करीब 40 फीसदी मौतें मध्य शुष्क क्षेत्र अन्यायर में हुई हैं।

# अमेरिकी कांग्रेस चुनाव: डेमोक्रेटिक पार्टी ने अमीश और पिया को दिया समर्थन; क्या रिपब्लिकन गढ़ में लगेगी सेंध?

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारतवंशी दो उम्मीदवार अमीश शाह और पिया दांडिया डेमोक्रेटिक पार्टी के चुनाव अभियान में शामिल किए गए हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी नवंबर में होने वाले कांग्रेस चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी से प्रतिनिधि सभा का नियंत्रण वापस हासिल करने की कोशिश कर रही है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने मंगलवार को शाह और दांडिया समेत पांच उम्मीदवारों को अपने 'रेड टू ब्लू' अभियान में शामिल किया। इस अभियान के तहत उन उम्मीदवारों को संगठन और धन जुटाने में मदद दी जाती है, जो रिपब्लिकन के प्रभाव वाले क्षेत्रों में कड़ी चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं। डेमोक्रेटिक कांग्रेस अभियान समिति 30 ऐसे उम्मीदवारों का समर्थन कर रही है, जिनके बारे में उसका मानना है कि वे नवंबर के चुनाव में रिपब्लिकन से अपनी सीटें छीन सकते हैं। अमीश शाह पेशे से चिकित्सक हैं और पहले राज्य प्रतिनिधि रह चुके हैं। वह एरिजोना के पहले जिले से चुनाव मैदान में हैं। उनका मुकाबला रिपब्लिकन उम्मीदवार और राष्ट्रीय फुटबॉल लीग के पूर्व खिलाड़ी जे फीली से है। जे फीली को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन मिला हुआ है। पिया दांडिया पहले हाईस्कूल की प्रधानाचार्य रह चुकी हैं। वह दक्षिण फ्लोरिडा के 22वें जिले से चुनाव लड़ रही हैं। यह क्षेत्र नए परिसीमन के बाद बनाया गया है और यहां कोई मौजूदा सांसद चुनाव नहीं लड़ रहा है। भारत से अमेरिका आए माता-पिता की संतान पिया दांडिया ने पहले फ्लोरिडा के 21वें जिले से रिपब्लिकन नेता ब्रायन मास्ट को चुनौती देने की कोशिश की थी। ब्रायन मास्ट प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष हैं।

**डेमोक्रेटिक अभियान समिति के प्रमुख ने क्या कहा :** डेमोक्रेटिक कांग्रेस अभियान समिति की अध्यक्ष सुजान डेलबेने ने एक बयान में कहा, पिया एक कामकाजी मां हैं, जो नया भविष्य लिखना चाहती हैं। वह दक्षिण फ्लोरिडा के लोगों के लिए अमेरिकी सपने को ज्यादा आसान बनाना चाहती हैं। इसके लिए वह महंगाई की समस्या से निपटने, सामाजिक सुरक्षा और मेडिकेयर जैसी जरूरी योजनाओं की रक्षा करने और रिपब्लिकन नेताओं को उनके अधूरे वादों के लिए जवाबदेह ठहराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**अमीश शाह का अब तक का सियासी सफर कैसा रहा :** अमीश शाह एरिजोना विधानसभा के तीन बार सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक कांग्रेस अभियान समिति के समर्थन वाली उम्मीदवार और पूर्व पत्रकार मार्लेन गैलन-वुड्स को हराया था।गैलन-वुड्स इस साल डेमोक्रेटिक कांग्रेस अभियान समिति के समर्थन के बावजूद चुनाव हारने वाली तीसरी उम्मीदवार हैं। इससे पहले कैलिफोर्निया की जस्मीत बैन्स और मेन के जो बाल्डाची भी पार्टी समर्थित उम्मीदवार होने के बावजूद हार चुके हैं।

इंडियन-अमेरिकन इम्पैक्ट नाम के संगठन ने कहा, हम अपने लोकतंत्र के भविष्य की लड़ाई लड़ रहे हैं और



भारतीय-अमेरिकी नेता प्रतिनिधि सभा पर दोबारा नियंत्रण हासिल करने में अहम भूमिका निभाएंगे। यह संगठन भारतीय मूल के अमेरिकियों को सरकार के हर स्तर पर समान प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए काम करता है। अमीश शाह का जन्म शिकागो में गुजराती माता-पिता के घर हुआ था, जो 1960 के दशक में भारत से अमेरिका जाकर बसे थे। उन्होंने नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी से स्नातक की डिग्री हासिल की और नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी मेडिकल स्कूल से चिकित्सा की डिग्री ली। वह चिकित्सा शिक्षा से जुड़े कार्यक्रम का हिस्सा भी रहे। शाह के पिता जैन धर्म से हैं और उनकी मां हिंदू हैं।

**पिया दांडिया कौन हैं :** वहीं, पिया दांडिया पहली पीढ़ी की अमेरिकी नागरिक हैं। उनके चुनाव अभियान की वेबसाइट के अनुसार, उन्होंने हाई स्कूल की प्रधानाचार्य, नीति विशेषज्ञ और तकनीक क्षेत्र में काम करने वाली नवाचारकर्ता के तौर पर समुदायों को मजबूत करने का काम किया है।

पिया दांडिया का जन्म और पालन-पोषण फ्लोरिडा के पाम बीच काउंटी में हुआ। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक शिक्षिका के रूप में की। बाद में हार्लेम में हाई स्कूल की प्रधानाचार्य बनीं। उन्होंने कम आय वाले छात्रों के जीवन को बदलने के मकसद से एक हाई स्कूल की स्थापना की। उनका लक्ष्य छात्रों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ाना था। उनके स्कूल से पढ़ने वाले हर एक छात्र को कॉलेज में प्रवेश मिला, जबकि इनमें से 86 फीसदी छात्र कम आय वाले परिवारों से आते थे। चुनावी अभियान की वेबसाइट के अनुसार, वह 28 साल की उम्र में अपने स्कूल की संस्थापक प्रधानाचार्य बनीं। वह देश की सबसे कम उम्र की हाई स्कूल की प्रधानाचार्यों में से एक रहीं।

**प्रतिनिधि सभा में भारतीय मूल के कितने सांसद हैं :** मौजूदा प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) में भारतीय मूल के छह सांसद हैं। इनमें रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, श्री थानेदार, सुहास सुब्रमण्यम, अमी बेरा और प्रमिला जयपाल शामिल हैं। रो खन्ना 2028 के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उम्मीदवार बनने की तैयारी में रुचि दिखा रहे हैं। राजा कृष्णमूर्ति इलिनॉय से सीनेट चुनाव के लिए हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राथमिक चुनाव में हार गए थे।

# पीओके में 14 मौतों के बीच पाक रक्षा मंत्री का विवादित बयान, प्रदर्शनकारियों को बताया भारत जैसा दुश्मन

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बिगड़ते हालात और जारी हिंसा के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बेहद विवादित बयान देकर आग में घी डालने का काम किया है। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 14 एक्टिविस्टों की मौत के बाद आसिफ ने प्रदर्शनकारियों की तुलना भारत से करते हुए उन्हें देश का दुश्मन करार दिया है।

**भारत की तरह दुश्मन हैं प्रदर्शनकारी :** एक स्थानीय टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पीओके की सड़कों पर उतरे लोगों के प्रति कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा, 'मैं इन प्रदर्शनकारियों को भारत की श्रेणी में रखता हूं और उन्हें भी भारत की तरह ही दुश्मन मानता हूं। आसिफ ने प्रदर्शनकारियों के साथ किसी भी प्रकार की बातचीत की संभावना को पूरी तरह खारिज कर दिया। उनके इस बयान ने पीओके में पहले से ही आक्रोशित जनता के गुस्से को और भड़का दिया है।

**मुजफ्फराबाद मार्च के दौरान भारी हिंसा :** यह विवाद उस समय बढ़ा जब प्रतिबंधित ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी के नेतृत्व में करीब 5,000 लोग रावलकोट से मुजफ्फराबाद की ओर मार्च कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि पीओके विधानसभा में कश्मीरी शरणार्थियों के लिए आरक्षित 12 सीटों को खत्म किया जाए। जेएएसी का मानना है कि ये सीटें इस्लामाबाद को क्षेत्रीय राजनीति में अनावश्यक



दखल देने का मौका देती हैं। इसी मार्च के दौरान सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प हुई, जिसमें 14 कार्यकर्ताओं की जान चली गई और दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। पाक अधिकृत कश्मीर में आर-पार की जंग मृतकों में जेएएसी के संस्थापक सदस्य उमर नजीर के भाई उस्मान नजीर भी शामिल हैं। संगठन का आरोप है कि पाक सेना और पुलिस ने निहत्थे लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। हालांकि, पाकिस्तानी अधिकारियों ने इन आरोपों को नकारते हुए दावा किया कि प्रदर्शनकारियों के पास आधुनिक हथियार थे और उन्होंने ही सुरक्षा बलों को निशाना बनाया, जिसके बाद आत्मरक्षा में कार्रवाई की गई। भारत ने जताई कड़ी आपत्ति पीओके में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर भारत ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पीओके में हो रहे विरोध प्रदर्शन पाकिस्तान के आर्थिक शोषण और प्रशासनिक दमन का नतीजा हैं। भारत ने पाकिस्तान द्वारा कराए जा रहे चुनावों को 'दिखावटी कवायद' बताते हुए दोहराया कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं।

# ट्रंप प्रशासन का चीन पर बड़ा प्रहार : ह्यूमनॉइड रोबोट्स के आयात पर लगाया प्रतिबंध, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बताया बड़ा ख़तरा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स क्षेत्र में बढ़त हासिल करने की होड़ के बीच ट्रंप प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को अमेरिका में ह्यूमनॉइड रोबोटों के नए आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी प्रशासन का तर्क है कि ये आधुनिक रोबोट देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। किन-किन तकनीकों और उपकरणों पर लगा बैन? अमेरिकी संघीय संचार आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार यह प्रतिबंध निम्नलिखित उन्नत तकनीकों पर लागू होगाः उन्नत रोबोटिक्सः इसमें इंसानों की तरह दिखने वाले 'ह्यूमनॉइड' और चार पैरों वाले रोबोट्स शामिल हैं, जिनमें से अधिकांश का निर्माण चीन में होता है।

**पावर इन्वर्टरः** एफसीसी ने डेटा सेंटर और सोलर पैनलों में इस्तेमाल होने वाले पावर इन्वर्टर के आयात पर भी रोक लगा दी है।

**एफसीसी की कवर्ड लिस्ट में शामिल :** एफसीसी ने इन ह्यूमनॉइड रोबोटों और पावर इन्वर्टरों को अपनी आधिकारिक 'कवर्ड लिस्ट' में शामिल कर लिया है। इस सूची में केवल उन्हीं विदेशी वस्तुओं और सेवाओं को रखा जाता है जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए संभावित ख़तरा माना जाता है। एफसीसी के अध्यक्ष ब्रेंडन कार ने इस निर्णय की पुष्टि करते हुए कहा कि एजेंसी अमेरिका के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और सप्लाई चेन को पूरी तरह से सुरक्षित करने के लिए अपनी ज़िम्मेदारी निभा रही है। रोबोटिक्स और एआई के क्षेत्र में वैश्विक वर्चस्व की इस जंग में अमेरिका का यह कदम काफी आक्रामक माना जा रहा है। हालाँकि, इस नए प्रतिबंध और एफसीसी के फैसले पर अभी तक चीन की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी या प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# अमेरिका-सऊदी ने इराक में हवाई हमले किए, ईरान समर्थित पीएमएफ के 8 लड़ाके मारे गए; जवाब में ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

**तेहरान/वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका और सऊदी अरब ने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेना के मुताबिक, इन ठिकानों से अमेरिकी सैनिकों और सऊदी अरब के ऊर्जा ठिकानों पर हमलों की तैयारी की जा रही थी। वहीं, इराक की पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्स का दावा है कि इन हमलों में उसके 8 लड़ाके मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं।

हमलों के कुछ घंटे बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई में कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, ये मिसाइलें जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर दागी गई थीं, लेकिन सभी को रास्ते में ही इंटरसेप्ट कर लिया गया।

उधर, सऊदी अरब ने अपने पूर्वी प्रांत के तेल ठिकानों की ओर बढ़ रहे कई ड्रोन मार गिराने का दावा किया। वहीं, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने होर्मुज



स्ट्रेट में तीन तेल टैंकर रोकने का दावा किया है। इसके अलावा, यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में एक सऊदी तेल टैंकर पर बैलिस्टिक मिसाइल दागने की बात कही है।

**जॉर्डन बोला- ईरान की 5 बैलिस्टिक मिसाइलें मार गिराई :** जॉर्डन की सेना ने कहा है कि बुधवार तड़के ईरान से दागी गई 5 बैलिस्टिक मिसाइलों को उसकी एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही इंटरसेप्ट कर मार गिराया। सेना के मुताबिक, ये मिसाइलें जॉर्डन के इलाके को निशाना बनाकर दागी गई थीं। इससे पहले ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया था कि उसने जॉर्डन में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डे और अमेरिकी सेंट्रल कमांड के सेंटर पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

**लगातार हो रहे ड्रोन हमले :** अमेरिकी सेंट्रल कमांड यानी सेंटकॉम ने बताया है कि यह बड़ी कार्रवाई लगातार हो रहे ड्रोन हमलों के कड़े जवाब में की गई है। पिछले 72 घंटों में ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (ढ्ढक्रत्नष्ट) के निर्देश पर 30 से भी ज्यादा खतरनाक ड्रोन हमले किए गए। इसके जवाब में दोनों देशों के लड़ाकू विमानों ने पूर्वी इराक में कई आतंकवादी ठिकानों और सामान पहुंचाने वाले रास्तों पर भारी बमबारी की। इससे पहले सऊदी अरब ने इराक से उड़ाए गए उन कई ड्रोन्स को भी रास्ते में ही मार गिराया था जो तेल सुविधाओं की ओर आ रहे थे। सऊदी रक्षा मंत्रालय ने यह पूरी तरह स्पष्ट किया है कि सऊदी अरब इस क्षेत्र में किसी भी तरह का कोई तनाव बढ़ाना नहीं चाहता है। लेकिन उसके देश या उसकी संपत्तियों के खिलाफ होने वाले किसी भी आतंकी हमले का वह बहुत ही माकूल और कड़ा जवाब जरूर देगा। ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान कई बार सऊदी अरब को सीधे तौर पर अपना निशाना बना चुका है। लेकिन अब तक सऊदी अरब ने ज्यादातर मामलों में किसी भी तरह का सीधा सैन्य जवाब देने से काफी ज्यादा परहेज ही किया था।

# कुमामोटो में भूकंप से हुई तबाही पर पीएम मेलोनी ने जताया दुख, जापान को मदद का दिया भरोसा

**रोम, एजेंसी।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने जापान के कुमामोटो प्रांत में आए भीषण भूकंप पर दुख जताते हुए पीड़?ित लोगों के प्रत? संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इस मुश्?क?ल घड़ी में जापान के साथ इटली की एकजुटता और समर्थन का भरोसा दिलाया। मेलोनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ''जापान के लोगों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। कुमामोटो प्रांत में आए भीषण भूकंप से जो तबाही हुई है, उससे प्रभावित सभी लोगों के बारे में मेरी सोच और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं। राहत और बचाव के काम में दिन-रात जुटे सभी लोगों का भी आभार, यह बहुत ही सराहनीय कार्य है।'' मेलोनी ने कहा क? मेरी मित्र प्रधानमंत्री साने तकाइची और पूरे जापान देश के लिए इटली की सरकार की ओर से हमारी एकजुटता और पूरा समर्थन है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को दक्षिण-पश्चिमी जापान में 7.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। जापान की फायर एंड डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसी के अनुसार, स्थानीय दमकल विभाग से मिली जानकारी में बताया गया कि एयॉन मॉल कुमामोटो की दूसरी मंजिल का एक हिस्सा गिर गया है और कई लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दमकलकर्मी स्थिति की जांच करने और बचाव अभियान चलाने में जुटे हुए थे। सिन्हुआ समाचार की जानकारी के अनुसार, एजेंसी ने बताया कि घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। हालांकि घायलों की संख्या और उनकी हालत के बारे में अभी जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस और दमकल अधिकारियों के अनुसार, उन्हें शाम करीब छह बजे स्थानीय समय पर कई आपातकालीन कॉल मिलीं। कॉल करने वालों ने बताया कि एयॉन मॉल कुमामोटो से विस्फोट जैसी आवाज आई और सफेद धुआं उठता दिखाई दिया। यात्सुशिरो स्टेशन पर एक मालगाड़ी पटरी से उतरकर पलट गई, हालांकि ट्रेन चालक को कोई चोट नहीं आई। रिपोर्टों के मुताबिक, कुमामोटो में करीब 50 लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। स्थानीय दमकल विभाग को कई लोगों के अपने घरों के अंदर फंसे होने की सूचना भी मिली है।

क्योडो की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप स्थानीय समय के अनुसार शाम करीब 4:27 बजे आया। इसकी गहराई लगभग दस किलोमीटर थी। जापान की मौसम एजेंसी के मुताबिक, सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में भूकंप की तीव्रता जापान के भूकंपीय पैमाने पर अधिकतम सात दर्ज की गई।

दक्षिण-पश्चिमी जापान में एरिएक सागर और यात्सुशिरो सागर के लिए एक मीटर ऊंची सुनामी की चेतावनी जारी की गई है।

# ट्रंप से मिले जेलेंस्की और नेतन्याहू, यूक्रेन युद्ध और ईरान संकट पर हुई अहम बातचीत



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। ये बातचीत ऐसे समय हुई जब अमेरिका दो युद्धों और उनसे जुड़े कठिन कूटनीतिक फैसलों का सामना कर रहा है। दोनों बैठकें ओवल ऑफिस में बंद दरवाजों के पीछे हुईं। व्हाइट हाउस ने किसी भी बैठक में मीडिया को शामिल नहीं किया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने 'एक्स' पर लिखा, 'राष्ट्रपति ट्रंप ने ओवल ऑफिस में राष्ट्रपति जेलेंस्की और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ अपनी बैठकें पूरी कर ली हैं। दोनों बैठकें सकारात्मक और अच्छी रहीं। जेलेंस्की सुबह करीब 9:40 बजे व्हाइट हाउस पहुंचे और वेस्ट विंग के एक साइड एंट्रेंस से अंदर गए। रिपोर्टों के अनुसार, नेतन्याहू दोपहर करीब 12:25 बजे वहां से रवाना हुए। बाद में इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्रंप और नेतन्याहू की साथ में तस्वीरें जारी कीं। एक इजरायली अधिकारी ने बैठक को 'बहुत सकारात्मक' बताया। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के अनुसार, दोनों नेताओं की बातचीत में ईरान के साथ युद्ध, लेबनान से जुड़ी बातचीत और अब्राहम समझौते को आगे बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा होने की उम्मीद थी। नेतन्याहू से उम्मीद थी कि वे ट्रंप को ईरान की कथित गतिविधियों से जुड़ी खुफिया जानकारी देंगे। इसमें पिकैक्स माउंटेन नाम की एक भूमिगत जगह भी शामिल थी, जिसके बारे में माना जाता है कि उसका संबंध तेहरान के परमाणु कार्यक्रम से है। हालांकि, ट्रंप इस बात से नाराज दिखे कि इजरायली नेता ने अपनी योजना के बारे में पहले ही सार्वजनिक रूप से बता दिया था। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज से कहा, 'मैंने सुना कि नेतन्याहू ने इसकी घोषणा कर दी। मैंने कहा, 'आप मुझे ही क्यों नहीं बता देते? इसे पूरी दुनिया को बताने की क्या जरूरत थी? अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया है कि वे ईरान के साथ दोबारा बातचीत के पक्ष में हैं, जबकि इजरायल ईरान पर लगातार दबाव बनाए रखने की बात करता रहा है। ट्रंप ने सोमवार को माना था कि दोनों देशों के बीच कुछ मतभेद हैं। उन्होंने कहा था, 'हमारे बीच थोड़ा अंतर है, लेकिन हम काफी करीब हैं।

मंगलवार को ट्रंप ने फिर ईरान को चेतावनी दी कि अगर तेहरान किसी समझौते पर नहीं पहुंचता है, तो अमेरिका पुलों और बिजली संयंत्रों जैसे ठिकानों पर हमला कर सकता है।

# हंगामे और हिंसा के बीच नवाज शरीफ की पार्टी ने पहले दौर में लहराया परचम

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के नतीजों का आधिकारिक ऐलान हो गया है। इन शुरुआती नतीजों में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने बहुत ही बड़ी और शानदार बढ़त हासिल की है। अनौपचारिक और शुरुआती नतीजों के मुताबिक पहले चरण की कुल 13 सीटों में से 9 सीटों पर नवाज शरीफ की पार्टी ने अपना मजबूत कब्जा जमाया है। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को सिर्फ 4 सीटों पर ही जीत नसीब हो सकी है जो उनके लिए एक बहुत बड़ा झटका है। चुनाव के पहले चरण में मीरपुर, कोटली और भीम्बर जिलों की 13 अहम सीटों पर बहुत ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान कराया गया था। यह मतदान प्रक्रिया शाम 5 बजे तक चली, लेकिन जो मतदाता पहले से मतदान केंद्र पर मौजूद थे उन्हें वोट डालने के लिए एक घंटे का अतिरिक्त समय भी दिया गया। हालांकि इस पूरे मतदान के दौरान कई जगहों पर भारी हिंसा, फायरिंग और बैलेट बॉक्स जलाने जैसी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और हिंसक घटनाएं भी सामने आई हैं। इसके बावजूद मतगणना का काम पूरा किया गया और अब चुनाव के नतीजे साफ तौर पर नवाज शरीफ की पार्टी के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं।

**नवाज शरीफ की पार्टी का दबदबा :** शुरुआती नतीजों के अनुसार पीएमएल-एन ने मीरपुर, भीम्बर और कोटली जिलों की कई प्रमुख और अहम सीटों पर अपनी बहुत ही बड़ी जीत दर्ज की है। वहीं दूसरी तरफ पीपीपी ने मीरपुर और कोटली की कुल चार सीटों पर सफलता पाई है, जो उसकी उम्मीदों से काफी ज्यादा कम मानी जा रही है। इस चुनावी नतीजे ने यह बिल्कुल साफ कर दिया है कि पहले चरण में जनता का भारी समर्थन मुख्य रूप से नवाज शरीफ की पार्टी को ही मिला है। इन 9 सीटों पर भारी जीत के साथ पीएमएल-एन ने क्षेत्र्य की सत्ता पर अपना मजबूत दावा और भी ज्यादा पुख्ता कर लिया है।



**मतदान के दौरान फायरिंग और मौत :** मतदान के दौरान कोटली-2 के नकयाल इलाके के एक मतदान केंद्र पर अचानक भारी फायरिंग की घटना हुई जिसने पूरे इलाके में भारी सनसनी फैला दी। इस दुखद और खतरनाक हिंसक घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग बहुत ही बुरी तरह से घायल हो गए। पुलिस ने वहां की बिगड़ती स्थिति और तनाव को देखते हुए कुछ समय के लिए मतदान को पूरी तरह से रोक दिया था। पीपीपी का यह दावा है कि मारा गया व्यक्ति उनका कार्यकर्ता मुख्तार यूनुस था, जिसे पीएमएल-एन के समर्थकों ने जानबूझकर गोली मारी है।

**बिलावल भुट्टो ने जताया कड़ा विरोध :** पीपीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने इस दुखद और हिंसक घटना पर अपना कड़ा विरोध और बहुत गहरा दुख सार्वजनिक तौर पर व्यक्त किया है। उन्होंने मृतक के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताते हुए कहा कि चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष और बिना किसी हिंसा या विवाद के होने चाहिए। उन्होंने कड़ी चेतावनी दी कि अगर चुनाव विवादित होंगे तो भविष्य में बनने वाली नई सरकार के जनादेश पर भी बहुत गंभीर और बड़े सवाल उठेंगे। उन्होंने 12 रिफ्यूजी सीटों के बड़े विवाद को भी चुनाव से पहले पूरी तरह सुलझाने की बात कही थी।

**बैलेट बॉक्स में लगाई गई आग :** ला-6 भीम्बर में दो राजनीतिक दलों के उग्र समर्थकों के बीच एक बहुत बड़ी और हिंसक झड़प भी मतदान के दौरान स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इस दौरान कुछ उपद्रवी लोगों ने एक बैलेट बॉक्स छीनकर उसमें आग लगा दी, जिसमें पहले से ही करीब 232 वोट मौजूद थे। इस भयानक घटना के तुरंत बाद सुरक्षा कारणों से वहां के दो मतदान केंद्रों पर चल रहे मतदान को पूरी तरह से रोक दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मामले की जांच की जा रही है।

# नीली से केसरिया हुई भारतीय हॉकी टीम की जर्सी को लेकर बढ़ा विवाद, हॉकी इंडिया ने बताया क्यों बदला रंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें अगले महीने नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले FIH विश्व कप में पारंपरिक नीली जर्सी नहीं बल्कि केसरिया रंग की जर्सी पहनेगी। जर्सी का रंग बदलने के इस फैसले पर विवाद के बाद हॉकी इंडिया ने कहा है कि कोचों और खिलाड़ियों के अनुरोध पर तकनीकी कारणों से यह फैसला लिया गया है। इस फैसले पर हालांकि पूर्व कप्तान वीरेन रासकिन्हा ने सवाल उठाते हुए कहा है कि हॉकी टीम बरसों से नीली जर्सी में खेलती आई है और प्रशंसक भी उसे इसी रंग में देखना चाहते हैं।

विवाद के बाद हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, 'यह देखा गया कि नीली जर्सी नीले रंग की एस्ट्रो टर्फ (मैदान की सतह) के साथ घुल-मिल जाती थी जबकि अंतरराष्ट्रीय हॉकी पिचों के लिए नीला रंग ही अब मानक है। इस एक जैसे रंग की वजह से खिलाड़ियों को मैदान पर साफ देखने में दिक्कत होती थी।' इसमें कहा गया 'कोचों और खिलाड़ियों ने पीले या केसरिया जैसे दूसरे रंगों का सुझाव दिया। अच्छी तरह सोच विचार के बाद केसरिया रंग को चुना गया। तकनीकी जरूरत को पूरा करने के अलावा केसरिया रंग का गहरा महत्व भी है क्योंकि यह हमारे राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में से एक है और साहस, त्याग और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है।'

इसमें कहा गया, 'कोचों और खिलाड़ियों से तकनीकी फीडबैक मिलने और हमारे राष्ट्रध्वज का रंग होने से इस रंग के सांकेतिक महत्व को देखते हुए यह फैसला किया गया।' जर्सी विवाद के राजनीतिक रंग लेने के बीच हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने स्पष्ट किया कि यह फैसला किसी के कहने पर नहीं बल्कि सिर्फ तकनीकी कारणों से लिया गया। टिर्की ने कहा, 'मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि जर्सी का रंग बदलने के लिए किसी का दबाव नहीं था। यह सिर्फ खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ के अनुरोध पर किया जा रहा है। इसका कारण पूरी तरह से तकनीकी है। मैं अनुरोध करता हूं कि टूर्नामेंट से पहले ऐसा कोई अनावश्यक विवाद नहीं हो जिससे टीम और खिलाड़ियों पर असर हो।'

इससे पहले हॉकी इंडिया ने अपने सोशल मीडिया पेज पर नई जर्सी का अनावरण करते हुए कहा कि जर्सी का डिजाइन और रंग एक कहानी बताने और भारत का गौरव दिखाने के लिए है। हॉकी इंडिया ने कहा कि केसरिया रंग साहस, बलिदान और जीत का प्रतीक है। इसने कहा, 'भारत के राष्ट्रध्वज और उगते हुए सूरज से प्रेरित यह जर्सी नयी शुरूआत की प्रतीक है।'

विश्व कप 15 से 30 अगस्त के बीच खेला जाएगा। जर्सी पर 'मंडाला' कला से प्रेरित पैटर्न हैं जो भारत की सांस्कृतिक विरासत दर्शाते हैं। हॉकी इंडिया ने कहा कि इस पर गहरा नेवी ब्लू रंक अशोक चक्र से प्रेरित है जो प्रगति, शांति और फोकस का प्रतीक है। हॉकी इंडिया ने कहा कि छाती पर बना ग्राफिक सुदर्शन चक्र का एक आधुनिक रूप है, जो 'ताकत, एकता और गति' का प्रतीक है। कंधों और बाजुओं पर तिरंगे की पाइपिंग है जो राष्ट्रीय गौरव की द्योतक है। जर्सी के आगे के हिस्से पर देवनागरी लिपि में 'इंडिया' लिखा है जो भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है।

हॉकी इंडिया ने कहा ,'नयी जर्सी 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना की परिचायक है।' भारतीय टीम के पास केसरिया के साथ इसी तरह की सफेद जर्सी भी होगी । पूर्व कप्तान रासकिन्हा ने हालांकि जर्सी का रंग बदलने के फैसले पर सवाल किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'हॉकी इंडिया ने खेल के लिये बहुत कुछ किया है लेकिन यह निराशाजनक है। भारतीय टीम की विरासत और पहचान नीला रंग रही है। मैने कई साल तक गर्व से नीली जर्सी पहनी है। प्रशंसक हमारी टीम को नीले रंग में देखना चाहते हैं। यह केसरिया रंग का क्या तुक है।' ओलंपिक गोल्ड क्रेस्ट के सीईओ ने कहा, 'मेरा सरल और सीधा प्रश्न अपने गर्व, पहचान और विरासत से जुड़ा है।'




हॉकी इंडिया ने अपने बयान में कहा कि पहले भी जर्सी का रंग बदलता रहा है। इसमें कहा गया, 'भारतीय हॉकी में टीम की जर्सी का रंग बदलने का यह नया मामला नहीं है। समय समय पर राष्ट्रीय टीम की किट का रंग जरूरत के हिसाब से बदलता रहा है।' बयान में कहा गया, '2014 एफआईएच विश्व कप में टीम की जर्सी का रंग पीला था और 2018 में हल्का नीला और बिल्कुल अलग डिजाइन में।'

# रूट बने इंग्लैंड के नये टेस्ट कप्तान, फ्लेमिंग बने कोच



**लंदन (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाज जो रुट इंग्लैंड क्रिकेट टीम के नये टेस्ट कप्तान बने है। बेन स्टोक्स के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के कारण ये पद खाली हुआ था। वहीं न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग को नया कोच बनाया गया है। वह ब्रेंडन मैकुलम की जगह लेंगे। इंग्लैंड व वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने नये कोच और कप्तान के नामों की घोषणा की है। बोर्ड ने रूट को दूसरी बार कप्तानी सौंपी है। ईसीबी ने टेस्ट टीम में हुए बदलाव की पुष्टि की है।स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बीच में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, जिसके बाद रूट ने अगले मैच में कप्तानी की थी। वहीं सीरीज हारने के बाद मैकुलम को कोच पद से हटा दिय गया था। टीम के नये कोच फ्लेमिंग ने आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कोच पद से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद से अंदाजा लगाया जा रहा था कि वह इंग्लैंड के कोच बनाये जा सकते हैं। ईसीबी के साथ उनका चार साल का अनुबंध है। उनका यह कार्यकाल सितंबर 2030 के अंत तक जारी रहेगा। फ्लेमिंग को कोच का अच्छा अनुभव है वह आईपीएल के अलावा द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव के मुख्य कोच भी रहे हैं। इसके अलाव कई अन्य लीगों में भी वह कोच रहे हैं।

53 वर्षीय फ्लेमिंग हालांक पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली आगामी तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के दौरान टीम के साथ नहीं होंगे। उस सीरीज़ में मार्कस ट्रेस्कोथिक अंतरिम मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। सीएसके के साथ 18 साल का लंबा सफ़र समाप्त होने के बाद फ़्लेमिंग फ़िलहाल अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। वह इस गर्मियों के अंत में इंग्लैंड पहुंचेंगे और दिसंबर में शुरू होने वाले दक्षिण अफ़्रीका दौरे की तैयारियों की कमान संभालेंगे।

# राष्ट्रमंडल खेल :भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन, पांच पदक पक्के हुए

**ग्लास्गो (एजेंसी)।** भारत के पांच और मुक्केबाजों ने यहां राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनायी है। इससे भारत के पांच पदक पक्के हो गये हैं। वहीं इससे पहले चार मुक्केबाजों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया था। इससे भारत के कुल नौ पदक पक्के हो गये हैं। भारत के जिन पांच मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनायी है। उनमें अंकुश यादव, साक्षी चौधरी, अरुंधति चौधरी, सचिन सिवाच और नरेंदर बेरवाल जैसे मुक्केबाज शामिल हैं। इनसे पहले लवलीना बोरगोहेन ने 75 किलो जबकि प्रिया घंघास ने 60 किलो, प्रीति पंवार ने 54 किलो और जादूमणि सिंह ने 55 किलो वर्ग में अपने पदक पक्के किये थे। इससे मुक्केबाजी में भारत के कुल पदकों की संख्या बढ़कर नौ पर आ गयी है।

भारत की साक्षी चौधरी ने 51 किलोवर्ग में उत्तरी आयरलैंड की कैटलिन फायर्स को 5-0 से हराया। वहीं भारत की ही अरुंधति चौधरी ने 70 किलोवर्ग के एक कड़े मुकाबले में न्यूजीलैंड की मोर्गन हेंडरसन को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पुरुष वर्ग की बात करें तो पूर्व विश्व चैंपियन सचिन सिवाच ने 60 किलो वर्ग में बोत्सवाना के ट्रेजर मोरेमी को 5-0 से हराया। इससे उनका कांस्य पदक पक्का हो गया है। वहीं पिछले साल विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स के रजत पदक विजेता अंकुश यादव ने पुरुष 80 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में सेशेल्स के जेड मिकोक को 5-0 से हराया। एक अन्य मुकाबले में नरेंदर बेरवाल ने पुरुष 90 किग्रा से अधिक वर्ग के क्वार्टर फाइनल में समोआ के माइकल सेको को 3-2 के फैसले में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# 'उनकी कमी जरूर खलेगी': रहाणे के रिटायरमेंट पर बोले अंडर-17 के दिनों से कोच रहे पूर्व क्रिकेटर

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट में अजिंक्य रहाणे के योगदान पर गर्व जताते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर और उनके लंबे समय तक कोच रहे प्रवीण आमरे ने अनुभवी बल्लेबाज को उनके इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट की घोषणा पर अपनी बात रखी। रहाणे ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर एक भावुक वीडियो शेयर करके इंटरनेशनल क्रिकेट और सभी फॉर्मेट से रिटायरमेंट की घोषणा की, जिससे लगभग दो दशक लंबे उनके करियर का समापन हुआ।



आमरे ने कहा कि रहाणे के साथ उनका जुड़ाव तब शुरू हुआ था जब वह अंडर-17 स्तर पर खेल रहे थे और यह मुंबई रणजी टीम में उनके डेब्यू और उनके इंटरनेशनल करियर के दौरान भी जारी रहा। आमरे ने कहा, 'मुझे उनकी कमी जरूर खलेगी। अजिंक्य के साथ मेरा सफर पिछले 18 सालों से चल रहा है। मैं उनके अंडर-17 के दिनों से ही उनका कोच रहा हूं, जिसमें मुंबई रणजी टीम के लिए उनका डेब्यू भी शामिल है। मैंने उनका पूरा सफर देखा है। हालांकि यह दुखद है कि हम उन्हें अब भारतीय जर्सी में या मुंबई के लिए खेलते हुए नहीं देखेंगे लेकिन मुझे टीम इंडिया में उनके योगदान पर बहुत गर्व है।'

कई भारतीय क्रिकेटरों के साथ काम कर चुके आमरे ने खेल के प्रति रहाणे के नजरिए और उनके मजबूत मूल्यों की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'कई भारतीय क्रिकेटरों के साथ काम करने के बाद मैं कह सकता हूं कि एक कोच के तौर पर उनके साथ काम करना बहुत सुखद रहा। उन्होंने हमेशा खेल का सम्मान किया और मजबूत मूल्यों को बनाए रखा, जो मुझे लगता है कि बहुत जरूरी है। मुझे उनकी कमी खलेगी, लेकिन मुझे यकीन है कि उनकी 'दूसरी पारी' शानदार होगी।'

पूर्व भारतीय क्रिकेटर का यह भी मानना है कि रहाणे में अभी भी काफी क्रिकेट बाकी है और वह दुनिया भर की लीग में खेलना जारी रख सकते हैं। आमरे ने कहा, 'व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि उनमें अभी भी एक-दो साल का क्रिकेट बाकी है और वह दुनिया भर की विभिन्न लीग में खेल सकते हैं। जब तक उनकी फिटनेस इजाजत देती है, मुझे लगता है कि उनके लिए खेलते रहना बेहतर होगा। उनका विशाल अनुभव (85 टेस्ट मैच और 200 IPL मैचों में 5,000 से ज़्यादा रन) बहुत कीमती साबित होगा। वह एक बेहतरीन कमेंटेटर या कोच बन सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि वह खेल से जुड़े रहेंगे।'

# राष्ट्रमण्डल खेल : भारत के मुरली श्रीशंकर ने लंबी कूद में रजत पदक जीता



ग्लासगो ।भारतीय एथलीट मुरली श्रीशंकर ने यहां खेले जा रहे राष्ट्रमण्डल खेलों में रजत पदक जीता है। मुरली ने पुरुषों की लंबी कूद में 8.09 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक हासिल किया। मुरली का ये राष्ट्रमण्डल खेलों में दूसरा पदक है। इससे पहले साल 2022 में भी मुरली ने इन खेलों में रजत पदक जीता था। मुरली के इस पदक के साथ ही इन खेलों में भारत के अब 13 पदक हो गये हैं। मुरली की ये जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि साल 2024 में उन्हें एक गंभीर चोट लगी थी। जिससे वह पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए थे। इसके बाद भी श्रीशंकर ने रिहैब और कड़ी मेहनत के बाद वापसी करते हुए पदक जीता है। स्वर्ण पदक जमेका के ताजे गेल ने 8.15 मीटर की छलांग लगाकर जीता जबकि मेजबान स्कॉटलैंड के स्टीफन मैकेंजी ने 8.08 मीटर के प्रयास के साथ ही कांस्य पदक जीता। श्रीशंकर केवल 0.06 मीटर से स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर पाये। वहीं श्रीशंकर के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर करीब 10 पदक पक्के किये हैं। छह मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। ये राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में भारतीय मुक्केबाजी का अब तक का सबसे बेहतर प्रदर्शन है ।मुक्केबाज अंकुश यादव के अलवा महिला मुक्केबाज साक्षी चौधरी ने जीत दर्ज की. वहीं अरुंधति चौधरी अैर सचिन सिवाच ने भी अपने-अपने मुकाबले आसानी से जीते हैं।

# बांग्लादेश टी20 के साथ ही एकदिवसीय टीम के भी कप्तान बने लिटन दास



ढ़ाका । अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज बांग्लादेश क्रिकेट टीम के नये एकदिवसीय और टी20 कप्तान बनाये गये हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा कि अब तक टी20 टीम की कप्तानी कर रहे लिटन को अब एकदिवसीय की कमान भी दी गयी है। लिटन को ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज की जगह कप्तान बनाया गया है। मिराज की कप्तानी में बांग्लादेश ने अक्टूबर 2025 से जून 2026 के बीच लगातार चार एकदिवसीय सीरीज़ जीती थी। इसके बाद भी उन्हें कप्तानी से हटाये जाने से सभी हैरान हैं। इसका कारण ये माना जा रहा है कि जुलाई 2026 में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज़ में बांग्लादेश टीम को 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था। आंकड़ों पर नजर डालें तो मिराज की कप्तानी में बांग्लादेश ने कुल 24 एकदिवसीय मैच खेले हैं। इसमें से 10 में जीत और 13 में हार मिली थी। पिछले पांच में से चार सीरीज़ जीतने के बाद भी जिम्बाब्वे से मिली हार को बोर्ड सहन नहीं कर पाय। इसी कारण कप्तानी में बदलाव किया गया है। बीसीबी के अध्यक्ष तमीम इकबाल ने इस बड़े बदलाव के पीछे बोर्ड की सोच को स्पष्ट करते हुए कहा कि बोर्ड अब दो कप्तानों वाले मॉडल पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। बीसीबी का मानना है कि तीनों प्रारुपों में तीन अलग कप्तानों के बजाय एक सफेद गेंद (एकदिवसीय और टी20) का और एक लाल गेंद (टेस्ट) का कप्तान होना सबसे सही रास्ता है। इस नई व्यवस्था के तहत लिटन अब सफेद गेंद के कप्तान होंगे, जबकि नजमुल हुसैन शांतो टेस्ट टीम के कप्तान रहेंगे। युवा बल्लेबाज़ तौहीद हृदॉय को सीमित ओवरों का नया उप-कप्तान बनाया गया है, वहीं टेस्ट उप-कप्तानी की जिम्मेदारी मेहदी हसन मिराज के पास ही बरकरार रहेगी।

# श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में इन खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतर सकती है भारतीय टीम

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम अगले माह श्रीलंका के खिलाफ दो मैचें की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इसके लिए जो टीम घोषित की गयी है। उसमें युवा और अनुभवी दोने ही तरह के खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय टीम के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्यूयसीटी) 2027 फाइनल के लिए अपनी उम्मीदें बनाये रखने के लिए इसमें जीतना जरुरी है। इसी सीरीज के लिए जो टीम बनायी गयी है। उसमें अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए एकमात्र टेस्ट में शामिल सभी खिलाड़ियों को बनाये रखा गया है। श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में इन खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतर सकती है।




सलामी बल्लेबाज के तौर पर यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी उतर सकती है। यशस्वी पहली बार श्रीलंकाई धरती पर पर टेस्ट खेलेंगे। उनके आंक्रामक अंदाज से भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत मिल सकती है। यशस्वी के जोड़ीदार प-कप्तान केएल राहुल संभलकर खेलते हुए पारी को संतुलन प्रदान करेंगे। वहीं मध्य क्रम में युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन को तीसरे नंबर पर अवसर मिल सकता है। चौथे नंबर पर कप्तान शुभमन गिल उतरेंगे। शुभमन इस समय अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ टीम को मिल सकता है। वहीं वापसी कर रहे आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर उतरेंगे। उनक प्रयास अच्छी बल्लेबाजी कर टीम में जगह पक्की करना हरेगा। खराब फिटनेस और फार्म के कारण वह पहले ही सीमित ओवरों की टीम से बाहर हो गये हैं। वहीं विश्व के नंबर 1 टेस्ट ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की वापसी से भी टीम को लाभ होगा। जडेजा छठे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और गेंद व बल्ले से किये प्रदर्शन से टीम को संतुलन देंगे। ध्रुव जुरेल को भी अंतम ग्यारह में जगह मिलना तय है। जुरेल ने हाल ही में श्रीलंका में 'इंडिया ए' के लिए खेलते हुए एक शतक और एक अर्धशतक लगाया था।

श्रीलंका की पिचों पर स्पिनरों की अहम भूमिका होती है, ऐसे में भारतीय टीम तीन प्रमुख स्पिनरों के साथ मैदान में उतर सकती है। बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने अपने टेस्ट डेब्यू में 7 विकेट लिए थे। उन्हें भी अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। स्पिन आक्रमण की कमान अनुभवी स्पिनर कुलदीप यादव करेंगे जबकि रवींद्र जडेजा तीसरे प्रमुख स्पिन विकल्प होंगे। तेज गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व दुनिया के नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज जसप्रीत बुमराह करेंगे, बशर्ते वह पूरी तरह फिट हों। बुमराह ने अपना आखिरी टेस्ट नवंबर 2025 में खेला था, और उनकी वापसी से भारतीय गेंदबाजी को जबरदस्त मजबूती मिलेगी। उनका साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज दूसरे तेज गेंदबाज होंगे, जो 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में भारत के सबसे सफल गेंदबाज हैं।

# राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंम्पियनशिप के फाइनल में पहुंची भारतीय पुरुष और महिला टीमें , मलेशियाई टीमों से होगा मुकाबला

नई दिल्ली ।भारतीय पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीम जीत के साथ ही यहां जारी 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंम्पियनशिप के फाइनल में पहुंच गयी है। इस प्रकार भारत को दो पदक मिलने तय हो गये हैं। बुधवार को खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों में इन दोनो ने इंग्लैंड की टीमों को हराया। अब खिताबी मुकाबले में इन टीमों का मुकाबला मलेशिया से होगा। पुरुष टीम ने इंग्लैंड को सेमीफाइनल में आसानी से 3-0 से हराया। पहले मुकाबले में युवा खिलाड़ी मनुष शाह ने कॉनर ग्रीन को 11-9, 11-9, 11-6 से से हराकर टीम को अच्छी शुरुआत दी। इसके बाद मानव ठक्कर ने चोट के बाद भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए जोसेफ हंटर को 11-8, 11-4, 11-5 से हराकर भारतीय टीम की बढ़त बढ़ी दी। हरमीत देसाई ने बेंजामिन पिगॉट को 11-5, 11-5, 11-5 से पराजित कर टीम की जीत पक्की कर दी। भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारी

दूसरी ओर भारतीय महिला टीम को जीत के लिए जमकर संघर्ष करना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता श्रीजा अकुला ने चियुक लाम जैस्मिन वोंग को 11-6, 11-3, 11-9 से हराकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलायी। टिन-टिन हो ने यशस्विनी घोरपड़े को 11-9, 11-6, 11-7 से हराकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद, सिंड्रेला दास ने ऐना ग्रीन को 11-7, 11-4, 11-9 से हराकर भारत को एक बार फिर बढ़त दिलाई। चौथे और निर्णायक मुकाबले में, श्रीजा अकुला ने टिन-टिन हो के खिलाफ पांच गेम तक चले एक बेहद रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की। श्रीजा ने 11-8, 5-11, 11-6, 8-11, 11-9 के स्कोर से ये मुकाबला अपने नाम कर भारतीय टीम को 3-1 से बढ़त दिला दी।

# आशुतोष के नाम है घरेलू क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का रिकार्ड

मुम्बई ।टी20 क्रिकेट में सबसे तेज़ अर्धशतक की बात करे तो अधिकतर प्रशंसकों की नजरें आक्रामक ऑलराउंडर युवराज सिंह की ओर जाती हैं पर ये सही नहीं घरेलू क्रिकेट में ये रिकार्ड युवराज नहीं बल्कि मध्यप्रदेश के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा के नाम है। आशुतोष ने साल 2023 को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में रेलवे की ओर से खेलते हुए यह ऐतिहासिक रिकार्ड अपने नाम किया था। अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में आशुतोष ने केवल 11 गेंदों में अर्धशतक लगा दिया जबकि युवराज ने 12 गेंदों में ये कारनामा किया था। इस के साथ ही आशुतोष भारत के लिए सबसे तेज़ टी20 अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज बन गए थे। इस पारी के दौरान आशुतोष ने मैदान के चारों ओर चौकों और छक्के लगाये जिससे विरोधी गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं मिला। उनकी इस विस्फोटक पारी से रेलवे ने एक विशाल स्कोर बनाया। उनकी यह पारी टी20 फॉर्मेट की तेजी और अनिश्चितता का बेहतरीन उदाहरण है, जहां कोई भी बल्लेबाज किसी भी पल मैच का रुख पलट सकता है।

# बुमराह अपनी फिटनेस बनाये रखने के लिए स्वयं उपाय करें : मैक्ग्रा

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपनी फिटनेस को लेकर संघर्ष करते रहे हैं। उनके लगातार चोटिल होने का खतरा बना रहता है जिससे भारतीय टीम को भी नुकसान होता है। श्रीलंका के खिलाफ अगले माह होने वाली टेस्ट सीरीज में भी उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा। वहीं पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने कहा है कि बुमराह को अपना ध्यान स्वयं रखना होगा। मैक्ग्रा ने कहा कि बुमराह को अपनी फिटनेस बनाये रखने और अपने करियर को लंबा करने का तरीका स्वयं तलाशना होगा। मैक्ग्रा ने कहा, यह बुमराह पर ही निर्भर करता है कि वे क्या चाहते हैं। वे अभी युवा हैं, इसलिए उन्हें अपनी पारी को लंबा खींचने का कोई तरीका ढूंढना होगा। मैक्ग्रा ने बुमराह की चोटों का जिक्र करते हुए उन्हें एक बेहतरीन गेंदबाज बताया। उन्होंने कहा कि बुमराह को यह तय करना होगा कि वे टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं या सिर्फ टी20 खेलना चाहते हैं। यह उनके शरीर और गेंदबाजी एक्शन पर भी निर्भर करेगा, क्योंकि जो गेंदबाज अपनी बांह को अधिक खींचते हैं, वे उस जोड़ पर थोड़ा ज्यादा दबाव डालते हैं। मैक्ग्रा ने सभी तेज गेंदबाजों से आग्रह किया कि वे बार-बार होने वाली चोटों से बचने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतने के बजाय तेज गेंदबाजी से जुड़े तनाव को स्वीकार करना सीखें। उन्होंने इस बात पर निराशा व्यक्त की कि आजकल तेज गेंदबाजों को बहुत ज्यादा सुरक्षा दी जाती है। मैक्ग्रा ने समझाया, तेज गेंदबाज होना खेल की प्रकृति है। यह स्वाभाविक क्रिया नहीं है, इसलिए चोटें खेल का हिस्सा हैं। उन्होंने आगे कहा कि तेज गेंदबाजों को बहुत ज्यादा सुरक्षित रखने के बजाय, उन्हें तेज गेंदबाजी के दबाव से भी ज्यादा मजबूत होना चाहिए। उनका मानना है कि महीनों तक रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम करने से फिटनेस और ताकत कम हो जाती है, जिसकी भरपाई में लंबा समय लगता है। मैक्ग्रा ने बताया कि 1993 से 2007 तक के अपने लंबे टेस्ट करियर के शुरुआती दौर में उन्हें कमर की गंभीर चोट लगी थी। उन्होंने कहा, जब मेरी कमर की मांसपेशी फट गई, तब मेरा वजन बहुत कम था। मुझे एहसास हुआ कि अगर मैं यही करता रहा, तो मैं ज्यादा समय तक नहीं टिक पाऊंगा।

# कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 : 'हालात जैवलिन थ्रोअर के लिए अच्छे नहीं हैं', फाइनल में पहुंचकर नीरज चोपड़ा का बड़ा बयान

**मुम्बई (एजेंसी)।** ग्लासगो - कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पुरुषों के जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) फाइनल में 79 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ अपनी जगह पक्की करने के बाद भारत के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने माना कि ठंड और तेज हवाओं ने मुकाबले को मुश्किल बना दिया था। हालांकि उन्होंने नतीजे पर खुशी जताई और कहा कि फाइनल बहुत जबरदस्त होगा जिसमें दुनिया के कई बेहतरीन थ्रोअर हिस्सा लेंगे।

क्वालिफिकेशन पक्का करने के बाद चोपड़ा ने कहा कि उनका मुख्य मकसद बहुत लंबा थ्रो करने के बजाय मेडल राउंड में पहुंचना था। क्वालिफ़ाइंग राउंड में पांचवें स्थान पर रहने के बाद उन्होंने कहा, 'बहुत ठंड थी और हवा भी चल रही थी, लेकिन थ्रो ठीक था - 79 मीटर का थ्रो। मकसद फाइनल में पहुंचना और वहां अपना बेस्ट देना था, इसलिए मैं इस थ्रो से खुश हूं।' भारतीय स्टार ने बताया कि हवा के अनिश्चित रुख की वजह से एथलीटों के लिए क्वालिफिकेशन के दौरान अपने अप्रोच और रिलीज का अंदाजा लगाना बहुत मुश्किल हो गया था और कोई भी प्रतियोगी ऑटोमैटिक क्वालिफाइंग स्टैंडर्ड तक नहीं पहुंच पाया।

चोपड़ा ने आगे कहा, 'हालात जैवलिन थ्रोअर के लिए अच्छे नहीं हैं। सिर्फ ठंड ही नहीं, बल्कि हवा भी बहुत तेज चल रही है। हवा सामने से भी नहीं आ रही थी, कभी-कभी यह साइड से आती है। यह तय करना बहुत मुश्किल होता है कि हमें कहां फेंकना है। कभी-कभी हम सोचते हैं, 'ठीक है, हम वहां फेंकेंगे', लेकिन तभी हवा दूसरी तरफ से आ जाती है। और आज कई थ्रोअर संघर्ष कर रहे हैं। किसी ने भी ऑटोमैटिक क्वालिफिकेशन मार्क को नहीं छुआ। हालात मुश्किल थे, लेकिन हमें खुशी है कि तीनों भारतीय फाइनल में हैं।'

तीनों भारतीय जैवलिन थ्रोअर फाइनल में पहुंच गए हैं, जिससे देश को खिताब के फैसले वाले मुकाबले में कई मेडल की उम्मीदें हैं। फाइनल की ओर देखते हुए चोपड़ा ने मुकाबले में शामिल खिलाड़ियों की मजबूती को माना, जिसमें दुनिया के कई बेहतरीन एथलीट और पेरिस ओलंपिक के साथी मेडलिस्ट शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'हां, यह बहुत जबरदस्त मुकाबला होने वाला है। जैवलिन थ्रो जैसे इवेंट के लिए, यह सच में एक बहुत अच्छा फाइनल होगा। उम्मीद है कि कल हालात ठीक रहेंगे। सभी अच्छी फॉर्म में दिख रहे हैं। देखते हैं कल क्या होता है।'

चोपड़ा ने श्रीलंका के उभरते हुए टैलेंट रुमेश की भी तारीफ की और कहा कि इस युवा खिलाड़ी का आगे आना दक्षिण एशिया में जैवलिन थ्रो के बढ़ते स्तर को दिखाता है। उन्होंने कहा, 'वह इस खेल में नया है, एक उभरता हुआ स्टार है। वह बहुत अच्छा थ्रो करता है। वह मेरा अच्छा दोस्त है। इस साल उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। यह अच्छी बात है कि हमारे पड़ोस में जैवलिन का खेल बढ़ रहा है। अच्छा लगता है कि उसने श्रीलंका के लिए कुछ शानदार किया है।'




स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com